तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025




चांटीडीह सब्जी मार्केट से साइंस कालेज जाने वाली सड़क पर डंप की गई रेत।



**खबर संक्षेप**

### नए बने सदस्यों की याचिका खारिज

**बिलासपुर।** प्रेस क्लब में नए बने सदस्यों की याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट की सुनवाई में सामने आया कि सदस्यता देने के नाम पर जो रसीदें बांटी गईं, वे उस कार्यकाल की थीं ही नहीं। इससे पहले रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं भोई साहू ने 18 नवंबर को आदेश जारी किया था। उन्होंने 19 सितंबर को हुई चुनाव प्रक्रिया के तहत निर्वाचित कार्यकारिणी को भंग कर दिया था। इसके बाद कलेक्टर ने सहायक पंजीयक ज्ञान प्रकाश साहू को प्रशासक नियुक्त किया है। इसके बाद अब केवल उन्हीं पत्रकारों को वोटिंग का अधिकार मिलेगा जो वास्तव में पात्रता रखते हैं। दरअसल पुरानी कार्यकारिणी द्वारा एनुअल रिटर्न फाइल नहीं की गई, जो बड़ी लापरवाही है।

# हाईवे किनारे ढाबे-शराब दुकान, नाराज हाईकोर्ट ने कहा- आदेश पर अमल नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे के किनारे ढाबों और शराब दुकान नहीं हटाने पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा कि आदेश और शपथ पत्र देने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। हाईकोर्ट के आदेशों का अब तक पालन नहीं होना गंभीर है। मामले में हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को शपथ पत्र देने के आदेश दिए हैं। जिसमें यह बताने को कहा है कि अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी।

दरअसल, जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान परिवहन विभाग के सचिव ने 25 जून 2025 को हाईकोर्ट में शपथ पत्र दिया था, इसमें बताया गया कि बिलासपुर- रायपुर हाईवे में मुंगेली जिले के सरगांव में सड़क के किनारे सरकारी जमीन पर बनाए गए ढाबे को लेकर तहसीलदार ने 15 मई 2025 को बेदखली आदेश जारी किया है। ढाबा संचालक ने दो महीने के अंदर जमीन खाली करने का शपथपत्र दिया था।

**मुख्य सचिव को जवाब देने के निर्देश, आज फिर होगी सुनवाई**




### परिवहन विभाग ने दिया शपथ पत्र

इस दौरान वाहनों की सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया गया था। इसी तरह नगर पंचायत सरगांव की सड़क किनारे संचालित शराब दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए किराए पर भवन लेने के लिए नोटिस भी जारी किया गया था। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में हुई। इस दौरान कोर्ट कमिश्नर ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश और परिवहन विभाग के सचिव के शपथ पत्र के साथ जवाब देने के बाद भी ढाबा और शराब दुकान को शिफ्ट नहीं किया जा सका है। वहीं, राज्य शासन की तरफ से इसके लिए प्रक्रिया शुरू करने का दावा किया गया।

### यह प्रशासनिक उदासीनता है

मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा है कि आदेश और शपथ पत्र देने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। हाईकोर्ट ने कहा कि परिवहन विभाग के सचिव अदालत को दिए गए आश्वासनों को लागू कराने में असहाय नजर आ रहे हैं। डिवीजन बेंच ने नाराजगी जताते हुए मामले में मुख्य सचिव को शपथ पत्र देने के आदेश दिए हैं। बताने को कहा है कि अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

## कोहरे को लेकर परिवहन विभाग ने जारी की एडवाइजरी सतर्कता बढ़ाने के निर्देश

देश के विभिन्न हाइवे पर पिछले दिनों कोहरे के कारण हो रही दुर्घटनाओं के बाद परिवहन विभाग अलर्ट मोड पर आ चुका है। विभाग ने एडवाइजरी जारी कर सतर्कता बरतने की नसीहत दी है। साथ ही कर्मशियल वाहन चालक और बस संचालकों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी कर दिया है।

- **देश में कोहरे के कारण हो रहे हादसे के बाद जागा विभाग**
- **कर्मशियल वाहन, बस संचालको को खास हिदायत**

दरअसल यमुना एक्सप्रेसवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे और दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर पिछले कुछ दिनों से दुर्घटनाएं बढ़ी है। इस दौरान अलग-अलग सड़क हादसे में कई लोगों को जान तक गंवानी पड़ी है। वहीं दर्जनों लोगों को हताहत होना पड़ा है। परिवहन विभाग ने सभी आरटीओ के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आदेश जारी कर दिया है। जिसमें कर्मशियल वाहन चाक, बस संचालकों से अपील की गई है कि घने कोहरे में गाड़ी चलाने को लेकर सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। इस दौरान हेडलाइट चालू रखने, हेडलाइट को लो बीम मोड पर रखने की सलाह दी है। साथ ही जिन वाहनों में फॉग लैप है उन्हें हमेशा चालू रखने के लिए कहा गया है।

**दुर्घटना से बचने की सलाह**

- कोहरे के दौरान गाड़ी की स्पीड कम करें
- वाहनों की दूरी में निश्चित दूरी रखें और पार्किंग लाइट चालू करें
- डिफोस्टर और विंडस्क्रीन वाइपर का उपयोग करें।
- लेन अनुशासन का पालन करे और ओवरटेक करने से बचें।
- गाड़ी चलाना असंभव हो तो गाड़ी रोड से नीचे उतर कर रखे और इंडिकेटर लाइट चालू रखें।

### रिकार्ड घर लेकर चले गए बाबू

# बीईओ आफिस से 100 से अधिक कर्मचारियों की सर्विस बुक गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा बीईओ आफिस से 100 से अधिक शिक्षकों और स्टाफ की सर्विस बुक गायब होने का मामला सामने आया है। जानकारी और शिकायत मिलने के बाद से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा है। पहली जानकारी में यह भी बात सामने आई है कि विभाग के ही क्लर्कों ने इसमें गड़बड़ी की और सर्विस बुक को घर लेकर चले गए हैं। आनन फानन में जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के लिए 6 सदस्यीय टीम बनाई है तो बिल्हा बीईओ द्वारा सभी 1872 कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका का संधारण किया जा रहा है। इसके बाद इसका सत्यापन किया जाएगा।

गौरतलब है कि सहायक शिक्षक पंचायत, शिक्षक पंचायत और व्याख्याता पंचायत की सेवा पुस्तिका संबंधित ब्लाक के बीईओ कार्यालय में रखी जाती है। उनके नियुक्ति के बाद से नियमितीकरण, इंक्रीमेंट, प्रमोशन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति आदि का उल्लेख इसमें किया जाना होता है। इसके अलावा सर्विस बुक में उनके ईएल, चिकित्सा अवकाश, महिला कर्मियों के मातृत्व अवकाश व अन्य अवकाशों का भी उल्लेख होता है। इस तरह किसी भी कर्मचारी के लिए सर्विस बुक उसकी जन्म कुण्डली की तरह होती है।

### संविलियन के बाद शिक्षाकर्मी बने हैं शिक्षक

ध्यान रहे कि संविलियन के बाद बड़ी संख्या में शिक्षाकर्मी शिक्षक, व्याख्याता व सहायक शिक्षक बन गए है। इनमें से अधिकांश शिक्षकों के सर्विस बुक का संधारण नहीं हुआ है। इस संबंध में पंचायत एवं नगरीय निकाय शिक्षक संघ ने लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश का हवाला देते हुए शीघ्र ही सर्विस बुक संधारित किए जाने के लिए सभी बीईओ को निर्देशित करने की मांग की थी। इसकी प्रक्रिया शुरू ही हुई थी कि गड़बड़ी सामने आने लगी। मालूम पड़ा कि 100 से अधिक कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका ही गायब है।

### सालों से नहीं हुआ है सर्विस बुक का संधारण

दरअसल जिले में पंचायत संवर्ग और शिक्षक एलबी की सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) का संधारण कई सालों से नहीं हुआ है। ऐसे में कर्मचारियों की नियुक्ति, स्थानांतरण, प्रमोशन व वार्षिक वेतनवृदि्ध का उल्लेख सर्विस बुक में नहीं हो सका है। अब लंबे समय बाद सर्विस बुक अपडेट किए जाने से परेशानी हो रही है। साथ ही जानकारी दर्ज करने में त्रुटि की आशंका भी अधिक है। ज्ञात हो कि पंचायत संवर्ग के शिक्षकों के सर्विस बुक को अपडेट करने की जिम्मेदारी बीईओ कार्यालय की है मगर कार्यालय के संबंधित शाखा के लिपिक इस पर ध्यान नहीं देते। इसके चलते वर्षों से सेवा पुस्तिका अपडेट नहीं है।

**बीईओ आफिस द्वारा सभी 1872 कर्मचारियों की सर्विस बुक का संधारण किया जा रहा**

**पंचायत संवर्ग और शिक्षक एलबी की सर्विस बुक का संधारण कई सालों से नहीं हुआ**

### पहले भी इस तरह के आ चुके हैं मामले

ध्यान रहे कि इससे पहले भी कोटा ब्लाक कार्यरत सरकारी शिक्षकों की सर्विस बुको को कबाड़ में फेंकने का मामला सामने आया था। शिक्षा कार्यालय के सामने सभी सर्विस बुक रद्दी कागजों के बीच बिखरी पड़ी थीं। रद्दी कागजों को कबाड़ी ले जाने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच किसी कर्मचारी की नजर सर्विस बुक पर पड़ी। इसके बाद उसे कबाड़ से अलग किया गया। जांच के बाद दो क्लर्कों को सस्पेंड किया गया था।

### जानकारी ली जा रही है

बिल्हा बीईओ द्वारा सभी 1872 कर्मचारियों की सर्विस बुक का संधारण किया जा रहा है। इसके बाद इसका सत्यापन किया जाएगा। प्रारंभिक स्तर पर कुछ सर्विस रिकार्ड गुम होने की जानकारी है। इसकी जानकारी ली जा रही है।

- भूपेन्द्र कौशिक
बिल्हा बीईओ

### कोई नहीं बता रहा जिम्मेदारी किसकी है

जानकारों के मुताबिक शिक्षा विभाग के नियमों के मुताबिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं का मूल दस्तावेज के कापी के साथ ही उनके नियुक्ति संबंधित जानकारी सहित तमाम जानकारी रहती है, लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण जानकारी रखने वाले सर्विस बुक यदि गुम हो गई है तो इसका जिम्मेदारी किसके होगी यह कोई नहीं बता रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा गठित टीम को यह भी जानकारी नहीं है कि सर्विस बुक का संकुल स्तर पर संधारण करने आदेश दे दिया गया है। जिसका काम संकुल स्तर पर कराने की बात कुछ शिक्षकों द्वारा कही जा रही है। दूसरी ओर बेधड़क कार्यालय से सर्विस बुक निकालकर बीईओ आफिस के कर्मचारी अपने हाथों में लेकर घूम रहे है। कुछ तो घर भी लेकर चले गए हैं।

## 2 लाख 40 हजार यात्रियों से वसूले गए 12.58 करोड़

**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के निर्देशन में मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा टिकटधारी यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा सुनिश्चित करने, यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूक करने एवं गाड़ियों में बेटिकट यात्रियों की रोकथाम के उद्देश्य से निरंतर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम 8 माह अप्रैल से नवम्बर के दौरान मंडल वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में कर्मचारियों एवं टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों तथा ट्रेनों में व्यापक टिकट चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टिकट चेकिंग के माध्यम से लगभग 2 लाख 40 हजार मामलों से 12.58 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया। गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में मामलों में 86 प्रतिशत तथा आय में 86.42 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा दिसम्बर के प्रथम 15 दिनों में विभिन्न विशेष



टिकट चेकिंग अभियानों के माध्यम से मंडल द्वारा 17082 मामलों से 85 लाख 54 हजार 167 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई है। इसमें बिना टिकट यात्रा के 11478 मामलों से 64 लाख 44 हजार 17 रुपए, अनियमित टिकट के 4248 मामलों से 19 लाख 69 हजार 665 रुपए तथा अनबुक्ड लगेज के 1356 मामलों से एक लाख 40 हजार 485 रुपए का राजस्व शामिल है। यह आंकड़े पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में मामलों में 77 प्रतिशत तथा आय में 97 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाते हैं।

## सर्द हवाओं ने बढ़ाई कंपकंपी अलाव जलाने की नौबत

**बिलासपुर।** मौसम में उतार चढ़ाव जारी है, लेकिन इस बीच सर्द हवाओं का आना निरंतर जारी है, यही कारण है कि दिन में भी लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। गुरूवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह सवेरे कोहरे का आलम नजर आ रहा है, सर्द हवाओं की चपेट में आते ही लोगों को सर्दी जुकाम से परेशान होना पड़ रहा है, वहीं मौसम विभाग के अनुसार तापमान में मामूली बढ़त देखी जा सकती है। दिसंबर के अंतिम सप्तांह में कड़ाके की ठंड पड़ने की आशंका है। इस दौरान दिन के समय भी लोगों को गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं।

## थर्ड सेमेस्टर परीक्षा का टाइम टेबल संशोधित

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर परीक्षा चल रही है। इसी बीच यूनिवर्सिटी ने बीएससी थर्ड सेमेस्टर बायो ग्रुप के परीक्षा टाइम टेबल में संशोधन किया है और 6 जनवरी को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक इकोनामिक जियोग्राफी का पेपर अब उसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसी तरह बीबीए थर्ड सेमेस्टर फंडामेंटल ऑफ फिजिकल जियोग्राफी का पेपर पहले 5 जनवरी को सुबह 8 से 11 बजे होने वाली थी जो अब उसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसके अलावा भी कुछ और विषयों के टाइम टेबल संशोधित हुए हैं।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## सिकंदराबाद मंडल में एनआई कार्य से सात ट्रेनें 14 फरवरी तक रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिकंदराबाद मंडल में एनआई का कार्य करने के दौरान तीसरी लाइन कमीशनिंग की जाएगी। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली सात गाड़ियों का परिचालन अलग-अलग तिथियों में 14 फरवरी यानि दो माह तक रद्द किया जाएगा।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के अंतर्गत काजीपेट से बल्लारशाह सेक्शन के बीच तीसरी लाइन कमीशनिंग का कार्य किया जाएगा। इसके कारण नान इंटरलाकिंग कार्य करते हुए ब्लाक भी होगा। नान इंटरलाकिंग के कारण काजीपेट से बल्लारशाह होकर सिकंदराबाद मंडल तक चलने वाली सभी मार्गो की ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर की गाड़ियां भी प्रभावित रहेगी, जिसमें सात ट्रेनों के पहिए 14 फरवरी तक रद्द किए जाएंगे। इन ट्रेनों में 28 व 31 जनवरी, 4, 7, 11 व 14 फरवरी को कोरबा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22647 कोरबा-तिरुवनंतपुरम उत्तर कोच्चुवेली एक्सप्रेस 6 फेरे के लिए, 26, 29 जनवरी तथा 2, 5, 9 व 12 फरवरी को कोचुवेली से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22648 कोचुवेली-कोरबा एक्सप्रेस एक्सप्रेस 6 फेरे के लिए, 26 जनवरी तथा 2 एवं 9 फरवरी को सिकंदराबाद से रवाना होने वाली गाडी संख्या 07005 सिकंदराबाद–रक्सौल एक्सप्रेस 3 फेरे के लिए, 29 जनवरी तथा 5 एवं 12 फरवरी को रक्सौल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 3 फेरे, 26, 28 जनवरी तथा 2, 4, 9 एवं 11 फरवरी को पटना से रवाना होने वाली गाडी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्ली एक्सप्रेस 6 फेरे के लिए, 28 जनवरी तथा 4 एवं 11 फरवरी को चर्लपल्ली से रवाना होने वाली गाडी संख्या 07255 चर्लपल्ली – पटना एक्सप्रेस तीन फेरे के लिए, और 30 जनवरी तथा 6 एवं 13 फरवरी को चर्लपल्ली से रवाना होने वाली गाडी संख्या 07256 चर्लपल्ली–पटना एक्सप्रेस तीन 3 फेरे के लिए रद्द की जाएगी। इसके अतिरिक्त 27 जनवरी तथा 3, 10 एवं 13 फरवरी को यशवंतपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया काचीगुडा, निज़ामाबाद जंक्शन, मुदखेड़ जंक्शन, पिंपल खुटी, नागपुर, दुर्ग, बिलासपुर के रास्ते सिकंदराबाद पहुंचेगी। वहीं 11 फरवरी को दरभंगा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 17008 दरभंगा-सिंदराबाद एक्सप्रेस 1 घंटे 15 मिनिट देरी से रवाना की जाएगी।

- **काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन में की जाएगी तीसरी लाइन की कमीशनिंग**


सुमीत बाजार™

आज का स्पेशल ऑफर

मल्टीपरपस यूज के लिये

100% कॉटन एक्सपोर्ट क्वालिटी

एक्सक्लूसिव ब्रांडेड




प्रीमियम ब्रांडेड बॉस्केट

MRP. ₹ 1450 offer price ₹ 299 में

*condition apply

अविश्वसनीय रेट ऑफर...

ऑफर सिर्फ आज के लिये

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### शांति निकेतन स्कूल में किड्स कार्निवल का आयोजन आज

**बिलासपुर।** शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल बीईसी फर्टिलाइजर के सामने सिरगिट्टी में शुक्रवार को आयोजित वार्षिक उत्सव किड्स कार्निवल का आयोजन किया जाएगा। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल की श्रीमती शहनाज बेगमन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बिल्हा एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक व कार्यक्रम के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी अध्यक्ष क्रेडा छग तथा विशेष अतिथि भाजपा मंत्री देवेंद्र कौशिक, जिला उद्योग संघ के महासचिव शरद सक्सेना, ब्लैक डायमंड मोटर्स के सीईओ आलोक श्रीवास्तव एवं शांतिनिकेतन एजुकेशन एकेडमिक के संस्थापक राकेश गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रहेंगे।

### बचपन अचीवर्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

**बिलासपुर।** मंगला चौक स्थित बचपन अचीवर्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव शुक्रवार 19 दिसंबर को शाम 4 बजे से मनाया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी होंगी। इस दौरान स्कूल के नन्हें बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी संस्था प्रमुख प्रीति चौहान ने दी।

### जयश्री भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनीं



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती जयश्री चौकसे को महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने कहा कि वे अपनी संपूर्ण शक्ति और सामर्थ्य, कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को सशक्त बनाने का कार्य करेंगी।

### एसबीआई में किया गया पेंशनर्स मीट का आयोजन



**बिलासपुर।** क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय में आरबीओ के रीजनल मैनेजर अविनाश सोनी ने एसबीआई की मीटिंग का आयोजन किया। इस दौरान सभी पेंशनर्स का स्वागत करने के उपरांत उनके अनुभव को शेयर किया गया। योगेश तिवारी, आरपी शुक्ला, मिहिर नाग, आजाद वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किया। रीजनल मैनेजर श्री सोनी ने सभी पेंशनर्स से सहयोग की अपेक्षा की। मुख्य प्रबंधक डिपाजिट बृजेश गुप्ता, कलेक्टोरेट शाखा के मुख्य प्रबंधक राजा शिंदे ने बैंकिंग प्रोडक्ट, योनो-2 की जानकारी दी। श्री सोनी ने डिजिटिल बैंकिंग का प्रयोग करने की जानकारी और योगेश तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज ने किया अधिवक्ता आलोक का सम्मान



**बिलासपुर।** बागेश्वर कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज की ओर से आलोक कुमार गुप्ता अधिवक्ता को उनके तिलक नगर स्थित कार्यालय में जाकर सम्मानित किया गया। आलोक कुमार गुप्ता अधिवक्ता छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के चुनाव वर्ष 2025 में चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए हैं। समाज की ओर से उनकी इस जीत पर उन्हें सम्मानित और शुभकामनाएं दी गई कि वह आने वाले समय में न सिर्फ अधिवक्ता समुदाय की सेवा करें तथा समाज हित में भी कार्य करें छत्तीसगढ़ राजपत्र के नोटिफिकेशन 12 दिसम्बर में आलोक कुमार गुप्ता का नाम प्रकाशित हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के चुनाव में कुल 25 सदस्य चुनाव जीत का निर्वाचित हुए हैं, जिनमें से गुप्ता समाज के आलोक कुमार गुप्ता एक हैं। सामाजिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के राष्ट्रीय संरक्षक डॉक्टर मोहन गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। स्थानीय अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रभात गुप्ता, किशन गुप्ता तथा मुख्य अतिथि के रूप में अग्रहरि वैश्य महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती सुधा गुप्ता तथा अग्रहरि वैश्य समाज के प्रदेश राष्ट्रीय संरक्षक संतोष गुप्ता, साहिल गुप्ता, पूजा गुप्ता, ज्योति गुप्ता, ओजस्वी, अतुल गुप्ता, ओजस एवं समाज के अन्य सामान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### अमेरिकन दंपती ने एक वर्षीय बिटिया उमा को लिया गोद



**बिलासपुर।** सेवा भारती में अमेरिकन दंपती द्वारा एक वर्षीय बिटिया उमा को गोद लिया गया। अमेरिकन दंपती का नाम जस्टिन माइकल लोंगोलिन द्वारा डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के समक्ष एडॉप्शन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में सेवा भारती से भास्कर वर्तक एवं सहसचिव लता गुप्ता एवं बड़ी संख्या में सेवा भारती के सदस्य उपस्थित थे।

### नागरिक सहकारी बैंक के संचालकों की संख्या होगी 10

**बिलासपुर।** नागरिक सहंक लिमिटेड पंजीयक के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु 17 दिसम्बर को बैंक सभाकक्ष में आरक्षण संबंधी विनिश्चय किया गया। सोसायटी की पंजीकृत उपविधि के अनुसार संचालक मंडल के लिए निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या 10 होगी। इसमें सहकारी सोसायटी अधिनियम की धारा 48(3) अंतर्गत वर्गो की सदस्यता के अनुपात में किया गया। इसके अनुसार अनारक्षित वर्ग हेतु 7 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 2 पद एवं अनुसूचित जाति वर्ग हेतु एक पद आरक्षित किया गया है। महिला वर्ग के आरक्षण हेतु अधिनियम की धारा 48(8) के अनुसार दो पद आरक्षित है, जिसके आरक्षण वर्ग के निर्धारण हेतु लाट डालकर पर्ची निकाला गया, जिसमें महिला वर्ग हेतु अनारक्षित वर्ग से दो पद आरक्षित किया गया है।

# एसआईआरः डोर टू डोर मतदाता सत्यापन की तिथि समाप्त

**बिलासपुर।** निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत गणना फार्म जमा करने और डोर-टू-डोर मतदाता सत्यापन का गुरुवार को आखिरी दिन रहा। जिले में 13 लाख 8 हजार से अधिक गणना फार्म जमा हो गए हैं और अंतिम दिन रात तक डिजिटाईजेशन का काम चलता रहा, इसलिए एसआईआर तहत फाइनल आंकड़ा शुक्रवार को आएगा। अंतिम तिथि के पहले तक जिले में 13 लाख 8 हजार से अधिक गणना फार्म जमा हो गए थे जो कि कुल मतदाताओं को लगभग 78 प्रतिशत है।

- रात तक चला काम, शुक्रवार को आएगा फाइनल आंकड़ा

एसआईआर अंतर्गत मतदाताओं के डोर-टू-डोर सत्यापन एवं गणना फार्म भराने का जो काम 4 नवंबर से शुरू हुआ था, वह अब समाप्त हो गया है। क्योंकि निर्वाचन आयोग से अभी तक आगे तिथि बढ़ाए जाने का कोई आदेश नहीं आया है। इसके पहले निर्वाचन आयोग दो बार गणना फार्म भरने की तिथि बढ़ाई थी। पहले जो एसआईआर तहत 4 दिसंबर गणना फार्म के लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 11 दिसंबर किया गया था। दूसरी बार एसआईआर की तिथि बढ़ाते हुए गणना फार्म एवं मतदाता सत्यापन के लिए 18 दिसंबर तक समय दिया गया था। इस तरह से अंतिम तिथि तक प्राप्त गणना फार्म के डिजीटाईजेशन का काम रात तक चला। इसलिए एसआईआर दौरान कितने मतदाताओं के गणना फार्म भराए इसका आंकड़ा शुक्रवार सुबह तक आएगा।

### 23 दिसंबर को सूची होगी प्रकाशित

एसआईआर अंतर्गत डोर-टू-डोर बीएलओ द्वारा गणना फार्म वितरित किया गया था और बाद में भरे हुए गणना फार्म जमा कराए गए थे। इनकी डिजीटाईजेशन के साथ पूरी लिस्ट तैयार किया जा रहा है। इसके बाद 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन बाद 22 जनवरी तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाएगा।

### बूथों में चस्पा होगी लिस्ट

सर्वे दौरान जो मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट या मृत पाए गए हैं, उनकी लिस्ट बूथों में चस्पा किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनके गणना पत्रक किन्हीं कारणों से जमा नहीं हुए हैं। इनमें अनुपस्थित मिलने या स्थानांतरित होने एवं डुप्लीकेट तथा मृत हो चुके लोग शामिल हैं।

# सरकार की कड़ाई का असर, 1.31 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**बिलासपुर।** समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ हुए एक महीने पूरे हो चुके हैं। जिले में अब तक 2 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। शासन के निर्देशानुसार खरीदी के साथ-साथ उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव भी किया जाना है, जिससे जिले में 126 मिलरों के द्वारा धान का उठाव प्रारंभ कर दिया गया है। आज की स्थिति में मिलरों के द्वारा 1 लाख 31 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

- दो लाख मीट्रिक टन धान की हो चुकी खरीदी

सरकार द्वारा धान खरीदी की प्रक्रिया के अंतर्गत खरीदी के साथ-साथ धान के उठाव के भी निर्देश जारी किए गए थे, ताकि संग्रहण केंद्रों में धान का अनावश्यक जमाव न हो। स्थान रिक्त रहे, जिससे खरीदी की प्रक्रिया आसान रहे। प्रदेश में धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ की गई है, जिससे खरीदी को अब एक माह पूर्ण हो चुके हैं। आज दिनांक तक जिले में 2 लाख 4 हजार 650 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिले में धान खरीदी के विपरीत उठाव के लिए 2 लाख 2 हजार 466 मीट्रिक टन का डीओ जारी किया जा चुका है। जारी डीओ के विरुद्ध अब तक 1 लाख 31 हजार 792 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। जिले में पंजीकृत मिलरों की कुल संख्या 164 है, जिनमें 126 मिलरों ने धान का उठाव प्रारंभ कर लिया है।

### 68%किसान धान विक्रय से अब भी पीछे

जिले में 1 लाख 32 हजार 675 किसानों ने धान बेचने के लिए अपने पंजीयन करवाए हैं, जबकि आज दिनांक तक धान बेचने के लिए केवल 42 हजार 92 किसान ही उपार्जन केंद्रों तक पहुंच पाए हैं। यह आंकड़ा कुल पंजीकृत किसानों का केवल 32 प्रतिशत होता है। बड़े किसानों द्वारा अब धान बेचने के लिए टोकन कटवाए जा रहे हैं, जिससे इस महीने के आखिर तक किसानों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होने की संभवना जाहिर की जा रही है।

### जोरों से चल रहा उठाव

शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी के साथ-साथ उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव का कार्य भी जोरों पर चल रहा है। जिले में अब तक 1 लाख 31 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

**-अमृत कुजूर,** डीएमओ

पुलिस और कांग्रेसियों के बीच धक्कामुक्की

# कांग्रेसियों को भाजपा कार्यालय से पहले पुलिस ने बेरिकेड लगाकर रोका





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेसियों की भीड़ नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय का घेराव करने पहुंची, किन्तु भाजपा कार्यालय से कुछ दूर पहले ही बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल ने बेरिकेड लगाकर कांग्रेसियों की भीड़ को रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच धक्कामुक्की भी हुई और करीब घंटेभर तक प्रदर्शन चलता रहा।

न्यायालय द्वारा नेशनल हेराल्ड केस की चार्जशीट को खारिज करने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज जिला, शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा कार्यालय का घेराव का कार्यक्रम रखा गया था। इससे पूर्व दोपहर करीब बारह बजे कांग्रेसजनों की भीड़ इमलीपारा नवनिर्मित काम्पलेक्स के पास एकत्रित हुई और वहां से नारेबाजी करते हुए पुराना बस स्टैंड चौक होते हुए भाजपा कार्यालय की ओर रवाना हुई। कांग्रेसजन सत्यमेव जयते का स्टीकर लगाए हुए और हाथों में पार्टी का झंडा लेकर नारेबाजी करते हुए कश्यप कालोनी मोड़ के पास पहुंचे। जहां पर पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल बेरिकेट्स लगाकर तैनात थी। कांग्रेसियों की भीड़ जैसे ही बेरिकेड के पास पहुंची पुलिस वालों ने मोटे रस्सा से उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसजनों के बीच धक्कामुक्की भी हुई। इसके बाद कुछ कांग्रेसी वहीं नीचे जमीन पर धरने पर बैठ गए। कांग्रेस नेताओं ने लाउडस्पीकर के जरिए मोदी सरकार को जमकर कोसा और करीब एक घंटे तक यह प्रदर्शन चलता रहा। लेकिन कांग्रेसियों की भीड़ भाजपा कार्यालय तक नहीं पहुंच पाई।



### घेराव में ये रहे शामिल

इस घेराव कार्यक्रम में जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री, शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी व विजय पांडेय सहित पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, प्रमोद नायक, राजेन्द्र शुक्ला, नरेन्द्र बोलर, आशीष सिंह, पंकज सिंह, स्वप्निल शुक्ला, आत्मजीत मक्कड़, अभयनारायण राय, राजेश पांडेय, शिवा मिश्रा, भरत कश्यप, शेख नजरूद्दीन, महेश दुबे, ऋषि पांडेय, जावेद मेमन, लक्ष्मीनाथ साहू, विनोद साहू, गीताजंलि कौशिक, पिंकी बतरा, शिल्पी तिवारी, सुभाष ठाकुर, विमल अग्रवाल, लक्की यादव आदि उपस्थित रहे।



## वायसीसीसीआई सुपर सिक्सेस सीजन-7 का भव्य शुभारंभ

**बिलासपुर।** शहर में व्यापारियों और युवाओं के बीच खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित वायसीसीसीआई सुपर सिक्सेस क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-07 का भव्य शुभारंभ किया गया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 18 से 21 दिसंबर तक मिनी स्टेडियम, शासकीय स्कूल क्रिकेट ग्राउंड, गांधी चौक में खेला जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर खेल प्रेमियों और आयोजकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, पूर्व महापौर किशोर राय, अजय श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, व्यापारी, समाजसेवी और खेल प्रेमी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और शहर में खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं। इस टूर्नामेंट को सरैया अचनाकमार फॉरेस्ट रिसॉर्ट द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। सिटीवॉक बाय श्री-जी एसोसिएट पार्टनर, केस कंस्ट्रक्शन विनर पार्टनर और जीके इलेक्ट्रिक रनर-अप पार्टनर के रूप में जुड़े हैं। वहीं गजानन ग्लास और हनुमान्स वुड एंड डेकोर पावर्ड बाय पार्टनर हैं। सीजन-7 में कुल 12 टीमें खिताब के लिए मैदान में उतर रही हैं, जिनमें यूबी वर्ल्ड चैंपियंस, जेजेएल किंग्स, कॉमिक्स मास्टर्स, फॉर्च्यून सिटी रॉयल्स, आहूजा वॉरियर्स, ग्वालानी लीजेंड्स, 360 इंफ्रा सॉल्यूशंस, बीसीसी बिलासा ब्लास्टर, पोषिकम हीरोज, सुधा फायरफाइटर्स, आईआईएफटी चैंपियंस और डीसीटी वॉरियर्स शामिल हैं।

आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न संस्थानों और ब्रांड्स का सहयोग प्राप्त हो रहा है। वायसीसीसीआई सुपर सिक्सेस सीजन-07 न केवल रोमांचक मुकाबलों का साक्षी बनेगा, बल्कि बिलासपुर को खेल गतिविधियों के मानचित्र पर एक नई पहचान भी देगा।

## राजपूत को लंदन में मिला लीडर्स समिट सम्मान

बिलासपुर। रियल एस्टेट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन के लिए डीसीटी रियल एस्टेट एंड डेवलपर के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत को लंदन के हाउस ऑफ लाड्र्स में आयोजित प्रतिष्ठित लीडर्स समिट अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि बिलासपुर जिले सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। लीड्र्स समिट में दुनिया भर से आए उभरते उद्यमी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नेतृत्वकर्ता शामिल हुए थे। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। राजेन्द्र सिंह राजपूत ने रियल एस्टेट क्षेत्र में गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार को प्राथमिकता देते हुए जो कार्य किया हैं, वहीं उनकी वैश्विक पहचान का आधार बने।




बिजनेस प्लस

राजपूत द्वारा विकसित परियोजनाएं आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी दर्शाती है। सम्मान प्राप्त करने के बाद राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें सामाजिक कार्यो और विकास से जुड़ी पहलों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है।

## गुरू के स्वास्थ्य की कुशलता जानने सिम्स पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

**बिलासपुर।** याददाश्त की कमी और हाई डायबिटीज से पीड़ित होने के बाद कोरिया चिरमिरी के मंहत पुरूषोत्तम पुरीजी का सिम्स में पिछले 4 दिनों से इलाज चल रहा है।

श्री पुरीजी चिरमिरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के पीठाधीश और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के गुरू हैं। उनकी कुशलकामना को लेकर स्वास्थ्य मंत्री अचानक सिम्स पहुंचे और डाक्टरों से मुलाकात कर उसकी स्थिति का जायजा लिया। सिम्स में उस समय चाक चौबंद व्यवस्था दिखाई दी जब स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सपत्नीक सिम्स पहुंचे। इस दौरान सिम्स के थर्ड फ्लोर स्थित आईसीयू में भर्ती अपने गुरू नागा मंहत पुरूषोत्म पुरीजी से मुलाकात की और उसकी स्वास्थ्य के बार में डाक्टरों से चर्चा की। दरअसल 70 वर्षीय मंहत की तबीयत खराब होने के बाद सिम्स में 4 दिन पहले भर्ती किया गया था।



## सिम्स में मनाया गया गुरु घासीदास जयंती समारोह

**बिलासपुर।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर सिम्स छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान महाविद्यालय के सभागार में एक संक्षिप्त एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सिम्स के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति, कोनी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीपी सिंह, सिम्स अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.लखन सिंह तथा रेडियो डायग्नोसिस विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने संत गुरु घासीदास जी के जीवन, उनके विचारों एवं समाज के लिए किए गए महान कार्यों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया तथा सभी को उनके बताए गए सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया। उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों की जानकारी ने सभी को अत्यंत प्रेरित एवं मार्गदर्शित किया।



डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रारंभ

# वैज्ञानिक ज्ञान को भारतीय भाषाओं में सुलभ बनाने केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 18–19 दिसम्बर को डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा भारतीय भाषाएं ज्ञान सृजन का नया दृष्टिकोण और मानक शब्दावली विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं भारतीय भाषाओं के समन्वय को सुदृढ़ करने तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी ज्ञान को भारतीय भाषाओं में अधिक सुलभ बनाने के विद्वानों ने चर्चा की। इस अवसर पर वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग भारत सरकार की ओर से सहायक निदेशक जेएस रावत को राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित डॉ.शहजाद अहमद अंसारी कोऑर्डिनेटर ने कहा कि शब्दावली की जरूर को लेकर दो बातें हैं पहली बात यह है कि मानक शब्दावली की आवश्यकता क्यों पड़ रही है और दूसरी यह की शब्दावली का निर्माण में आने वाली समस्याएं इस बारे में उन्होंने विस्तार से अपनी बात रखी। दीपक कुमार पांडे सुरक्षा विशेषज्ञ आईटीबीपी आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ ने कहा कि तकनीकी व्यथा को दूर करने के लिए आयोग का गठन किया गया है। छगन लाल सहायक प्रोफेसर रसायन विज्ञान विभा स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारतीय भाषाएं भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में विषय कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधुनिक समाज के रन हैं।



राष्ट्रीय संगोष्ठी समन्वयक डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जोइता मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक विद्यार्थी एवं अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. सौरभ मित्रा इस संगोष्ठी में सहायक समन्वयक के रूप में समन्वयन रहे।

### सुनने और समझने से होगी संगोष्ठी सार्थकता : घोष

विवि के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि संगोष्ठी की सार्थकता तभी होगी जब हम इसे सुन समझे और आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि नवाचार रोजगार के लिए जो प्रयास हो रहे हैं। उन लोगों तक यह शब्दावली समझ में आना भी जरूरी है उन्होंने बताया कि एक-एक शब्द हर किसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### विवि प्रारंभ से कर रहा हिंदी में लिखने का कार्य : तिवारी

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ.अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने मूल संस्था के साथ मिलकर विज्ञान तकनीकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी को हिंदी में लिखने का कार्य प्रारंभ से कर रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बौद्धिकता पर हिंदी में पुस्तक प्रकाशित की है। भारतीय ज्ञान परंपरा को केंद्र में रखकर विश्वविद्यालय पहले ही कार्य कर रहा है।

VACANCY
Tripur Bajaj Requires for the following post:-
Spare Parts Manager
Salary- 25,000/- to 30,000/-
Service Advisor
Salary- 15,000/-
Mechanic (Bajaj/KTM)
Salary- 15,000/- to 20,000/-
Experience candidate will be preferred.
Date of Interview
20th December 2025 (Saturday)
Timing - 11.30 AM to 3 PM
TRIPUR BAJAJ
Near Tifra Overbridge, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)
M.: 9752133444
M.- 9754033444
tripurauto@rediffmail.com

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ



**बेलतरा।** राष्ट्र शौर्य समृद्धि 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ देव संस्कृति विद्यालय कर्रा में आयोजित किया जा रहा है। 18 दिसंबर को अखिल विश्व गायत्री परिवार व गांव की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल कर भजन-कीर्तन के साथ ग्राम भ्रमण करते हुए तालाब से जल भरकर यज्ञ स्थल पहुंचे। यह महायज्ञ प्राणी मात्र के कल्याण सुख-शांति, समृद्धि सत्प्रवृत्ति संवर्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन के लिए किया जा रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार से जुड़े समस्त जन समुदाय के अथक प्रयास व मेहनत के परिणामस्वरूप कार्यक्रम सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ।

### नगर सेना प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे युवाओं का स्वागत



**जरहागांव।** नगर सेना का प्रशिक्षण पूर्ण कर एवं छत्तीसगढ़ पुलिस में चयनित होने के पश्चात पहली बार बरेला आगमन पर सूर्यप्रकाश पटेल, दीप पटेल का उनके परिवार एवं नगर के लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत बरेला अध्यक्ष नरेश पटेल, नोहर सिंह ठाकुर, पार्षद संजय निर्मलकर, पार्षद नीतेश पटेल, पार्षद विजय दिवान, पार्षद रमेश पटेल, रामखिलावन पटेल, नरेन्द्र पटेल, उमा पटेल, चित्रकांत पटेल, ओम प्रकाश सिंह ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### काली भैंस का सफेद बछड़ा बना आकर्षण का केंद्र



**लोरमी।** एक भैंस का सफेद बछड़े को जन्म देना गांव भर में कौतूहल का विषय बना हुआ है। लोगों के लिए यह आकर्षण का केंद्र भी है, जिसको देखकर वे हैरान हो रहे हैं। भालूखोन्द्रा के किसान राकेश तिवारी की गौशाला में 18 दिसंबर को एक काली भैंस ने सफेद बछड़े को जन्म दिया है। यह देखकर राकेश तिवारी अचरज में पड़ गए। यह दुर्लभ घटना सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है, जिसे देखने के लिए आसपास से लोग पहुंच रहे हैं। पशु चिकित्सक डॉ प्रमोद नामदेव ने बताया भैंसों में एल्बिनिज्म एक दुर्लभ आनुवंशिक स्थिति है, जिसके कारण मेलेनिन की कमी हो जाती है, परिणामस्वरूप सफेद फर, गुलाबी त्वचा-आंखें और प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता होती है, जो अक्सर टायरोसिनेज जीन में उत्परिवर्तन से जुड़ी होती है। यह बहुत पशुओं में यह देखने को मिलता है।

### जपं अध्यक्ष ने किया दुर्गडीह विद्यालय का निरीक्षण



**बोदरी।** शासन की ओर से प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत बिल्हा अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक प्राथमिक शाला दुर्गडीह में निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर शिक्षा के महत्व से अवगत कराया एवं अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। श्री कौशिक ने विद्यालय में छात्रों एवं शिक्षकों से प्रश्न पूछते हुए शिक्षा के स्तर का आंकलन किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि, इस विद्यालय के साथ ही जनपद क्षेत्र बिल्हा के समस्त विद्यालयों के शिक्षा स्तर में शासन की नीतियों से सुधार होगा। इस अवसर पर संकुल केंद्र पासीद की समन्वयक, शाला के प्रधान पाठक और शिक्षक एवं ग्राम दुर्गडीह के नागरिक उपस्थित रहे।

### पंचायत सचिव के परिजन को दी गई सहायता राशि



**मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली के ग्राम पंचायत लिम्हा कार्यरत पंचायत सचिव शिव शंकर पटेल की शासकीय कार्य करते हुए अचानक हार्ट अटैक आने के कारण मृत्यु हो जाने पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने तत्काल अग्रेसिया राशि 25 हजार को स्वीकृति प्रदान करते हुए स्व शिव शंकर पटेल की धर्मपत्नी के नाम से चेक जारी किया। दुख की इस घड़ी में जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष ठाकुर रामकमल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मीकांत कौशिक, अंकेक्षक जिला पंचायत कमलेश मिश्रा, पंचायत सचिव संघ जिला अध्यक्ष योगेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष अजय दीवान तथा अन्य पंचायत सचिवों ने स्वर्गीय शिव शंकर पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## गुरुघासीदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुए शामिल

# बाबा ने समाज को समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

गुरु घासीदास जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के खैरा-सेतगंगा धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सेतगंगा धाम के विकास के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये, राम जानकी मंदिर पर्यटन क्षेत्र विकास के लिए 50 लाख रुपये तथा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम आयोजन के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने जैतखंभ की पूजा-अर्चना कर पालो चढ़ाई, गुरुगद्दी एवं राम जानकी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सायउन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने समाज को समानता, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। बाबा के विचार आज भी सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने और छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूरे होने पर कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, सुरक्षा और विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है और किसानों के धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राशि दी जा रही है। प्रशासन में पारदर्शिता के लिए ई-ऑफिस को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा नक्सलवाद उन्मूलन की दिशा में भी ठोस कार्य किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सेतगंगा धाम के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का सेतगंगा आगमन सौभाग्य की बात है और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री के आगमन पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोरसेवाड़ा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय एवं जिलाध्यक्ष भाजपा दीनानाथ केशरवानी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री एवं अतिथियों का पगड़ी एवं गजमाला पहनाकर सम्मान किया। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं खाद्य मंत्री श्री बघेल ने भी गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए समाज के हित में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक श्री मोहले ने गुरु घासीदास बाबा के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, मानिकलाल सोनवानी, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पलता पदम्नी मोहले, गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, राजेन्द्र वैष्णव, उमाशंकर साहू, पवन पाण्डेय, सुनील पाठक, सोम वैष्णव, रामशरण यादव, महावीर सिंह, कोटूमल दादवानी, अमितेश आर्य आदि मौजूद थे।





सेतगंगा एवं लालपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं अतिथि

### लालपुर में आयोजित मेले में शामिल हुए सीएम



**लालपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के तहसील मुख्यालय लालपुर में आयोजित गुरु घासीदास जयंती एवं तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाबा गुरु घासीदास मंदिर एवं जैतखाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने लालपुर क्षेत्र के युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए लालपुर में नवीन महाविद्यालय की घोषणा की। साथ ही मेला एवं कार्यक्रम आयोजन हेतु दी जाने वाली राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने, कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार निर्माण के लिए 25 लाख रुपये तथा मुंगेली सतनाम भवन के जीर्णोद्धार हेतु 25 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास द्वारा बताए गए सत्य, समानता और मानवता के मार्ग पर चलकर ही छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाया जा सकता है। हमारी सरकार अपने महापुरुषों के सपनों के अनुरूप समतामूलक और समृद्ध राज्य के निर्माण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। श्री साय ने सतनाम आचार संहिता और जागरूकता कलेंडर का भी विमोचन किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश में गांव, गरीब और सभी वर्गों का तेजी से विकास हो रहा है। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सर्व समाज का समावेशी विकास हो रहा है। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोरसेवाड़ा, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, जनपद अध्यक्ष लोरमी वर्षा विक्रम सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुजीत वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में सतनामी समाज के अनुयायी उपस्थित रहे।

### सतनाम का संदेश मानवता का मार्ग: लहरिया



**सीपत।** संत गुरु घासीदास की जयंती पर गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ऊनी से खम्हरिया, धनियां, गुड़ी होते हुए सीपत के नवाडीह चौक तक पहुंची। सतनाम समाज की शोभायात्रा का अजा प्रदेश कांग्रेस के संयोजक एवं मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के पुत्र अरविंद लहरिया ने स्वागत किया। श्री लहरिया ने कहा कि गुरु घासीदास जी ने 'मनखे-मनखे एक समान' का जो संदेश दिया, वही सच्चे अर्थों में सामाजिक समरसता और मानवता की नींव है। कार्यक्रम को सरपंच संघ की अध्यक्ष श्वेता शैलेन्द्र खांडेकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, जांजी सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र पाटले सहित बड़ी संख्या में सतनाम समाज के लोग, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### आरएसएस ने किया शोभायात्रा का स्वागत



**लोरमी।** ग्राम गोंडखाम्ही में संत बाबा गुरुघासीदास की जयंती के मौके पर सतनामी समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई, जिसका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। साथ ही बाबा गुरुघासीदास की पूजा-अर्चना कर सामाजिक समरसता का संदेश प्रेषित किया।

### रैली का विहिप ने किया स्वागत



**पेंड्रा।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं मातृशक्ति प्रकोष्ठ जिला जीपीएम के द्वारा गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज की ओर से आयिजत भव्य रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान समाज प्रमुखों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान दुर्गा चौक पेंड्रा 'जय सतनाम' एवं 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में स्वामी कृष्णप्रपन्नाचार्य महाराज, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया, गौसेवा आयोग जिला अध्यक्ष रामजी श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन, बजरंग दल संयोजक सागर पटेल, जिला मंत्री प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष सरोज पवार सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष केशव पांडे, भाजपा अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष अनिल सोनवानी एवं जिला समरसता प्रमुख भूपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में विनय, निखिल, दीपक, संदीप, राजा, शैलेश, रविंद्र, हिमांशु, नवीन, रतन, सूरज, सुनील सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुरक्षा प्रमुख नवीन विश्वकर्मा, मातृशक्ति प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका प्रिया त्रिवेदी, सह संयोजिका विभा तिवारी, रुक्मिणी तिवारी, संस्कार प्रमुख अनीता मांझी एवं रामेश्वरी धुर्वे की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु घासीदास जी के सत्य, सामाजिक समरसता एवं मानवता के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### 26 वर्षों से मनाई जा रही बाबा की जयंती



**तखतपुर।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। शाम 4 बजे सतनाम भवन से सतनामी समाज के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के पश्चात जय स्तम्भ में पालो ध्वज चढ़ाया गया और खीर पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। समिति प्रमुख पूर्व विधायक चोवादास खांडेकर ने बताया कि पिछले 26 वर्षों से नियमित रूप से सतनाम भवन में बाबाजी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है। शोभायात्रा का स्वागत नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़ द्वारा गांधी चौक के पास किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर प्रदीप लहरे, परगनिहा बंजारे, भागचंद कुर्रे, डालचंद डाहिरे, अश्वनी जांगड़े, रामकुमारी डाहिरे, संजीव खाण्डेय, अनिता लहरे सहित अन्य उपस्थित रहे। संदीप खांडे, सुनील जांगड़े, शशिकांत जांगड़े, राकेश डहरे, धरम चतुर्वेदी, घनश्याम जांगड़े, विमला जांगड़े, रंजीत लहरे, शैलेन्द्र आहूजा, सुनील आहूजा, नरेन्द्र रात्रे ,दिलीप रात्रे, नरेन्द्र जांगड़े हीरालाल जांगड़े, संतोष बंजारे संजीव खांडे, आदर्श बंजारे, ऋषि चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

### बाबा के सात वचनों का जीवन में करें अनुसरण: अटल



**बिलासपुर** संत गुरू घासीदास की जयंती पर विधायक अटल श्रीवास्तव ग्राम धुमा एवं गोबरीपाट में आयोजित समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर पवित्र जैतखंभ पर ध्वजारोहण किया। विधायक श्री श्रीवास्तव ने कहा कि संत बाबा गुरूघासी दास ने सर्वसमाज को रास्ता दिखाया। मनखे-मनखे एक समान का नारा आज भी प्रासंगिक है। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि गुरू घासीदास बाबा के सात वचन सत्य, मेहनत अंधविश्वास और बुराई से दूरी सामाजिक समानता नारी का सम्मान पशुओं पर दया नशा मुक्ति प्रासंगिक हैं। संत गुरूघासीदास ने समाज में समानता एकता और भाई चारे का संदेश दिया जिसे सभी को आत्मसात करना चाहिये। इस अवसर पर संतोष बघेल किरण पाटले परमेश्वर मिरी अजय बंजारे चिंताराम ध्रुव अनंत बंजारे रेशम टोण्डे कुंजराम खाण्डे रवि अनंत अशोक अनंत आदित्य दीक्षित बाबा सोनी भरत पटेल दिलीप श्रीवास प्रकाश मरकाम सहित समाज के लोग एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अमरटापू पहुंचे संघ के स्वयंसेवक



**मुंगेली।** बाबा गुरु घासीदास जयंती पर संघ के स्वयं सेवकों ने जैतखंभ में पूजन अर्चन कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। अमरटापू धाम, नगर स्थित सतनाम भवन दाऊपारा, पेंडाराकापा जैसे अनेक गांवों के जैतखंभ स्थलों में जाकर संघ के स्वयं सेवकों ने श्रीफल चढ़ाकर, आरती करके, बाबा के संदेशों का वाचन करके सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। इस अवसर पर संघ के विभाग, जिला, खंड, नगर, मंडल, शाखा स्तर के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सबने सामूहिक प्रयास के बल पर भारत की एकात्मकता और संगठित स्वरूप के साझा प्रयास पर बल दिया है। शाखाओं में बाबा गुरु घासीदास की जीवनी पर बड़ी कहानी का भी आयोजन हुआ।

### जिला जेल में बंदियों ने की पूजा-अर्चना



**मुंगेली।** जिला जेल मुंगेली में परिरुद्ध बंदियों के नैतिक उत्थान और सत्मार्ग पर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में संत बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आध्यात्मिक प्रवचन, सत्संग एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जेल परिसर में निर्मित जैत खंभ पर श्वेत पताका फहराई गई तथा विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में विभिन्न धर्मों के बंदियों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। सहायक जेल अधीक्षक सुश्री ममता पटेल ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों एवं बंदियों को उनके बताए सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### बाबा के संदेश सभी के लिए अनुकरणीय



मल्हार। जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में गुरुवार को संत गुरु घासीदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीसी झा ने बाबा गुरु घासीदास के छायाचित्र में माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के शिक्षक सीपी साहू ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कक्षा नवमीं के छात्र आलोक कांत ने भाषण प्रस्तुत किया एवं कक्षा छठवीं की छात्राओं ने मनमोहक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक भाव विभोर हो गए। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि, उनका सबसे महान संदेश है 'मनखे-मनखे एक समान'। उन्होंने कहा कि, उनके नाम पर ही केंद्रीय विश्वविद्यालय है, तथा दलित समाज के उत्थान में उनकी अहम भूमिका रही है। वे एक महान संत थे उनका संदेश हम सबके लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी शिक्षक सीपी साहू ने किया।

## राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस पर जिला सम्मेलन व सम्मान समारोह



**तखतपुर।** राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस पर 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ अधिकारी–कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज और शासन-प्रशासन में दीर्घकालीन सेवा देने वाले वरिष्ठ पेंशनर विद्या शंकर तिवारी , हरिमोहन पांडे, एलपी चंद्राकर, जेआर कोठारी, बंसीलाल तिवारी, रामफल कौशिक, विष्णु प्रसाद पांडे, महेश प्रसाद पांडेय, काशीराम साहू, रित राम कुर्रे, श्यामलाल कश्यप, बीआर गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता एवं घनश्याम प्रसाद निर्मलकर का सम्मान किया गया। सम्मेलन में पेंशनर्स के हित से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। कार्यक्रम में विद्या शंकर तिवारी को अतिथि के रूप में मंचासीन कर स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने की। कार्यक्रम का सारगर्भित एवं प्रभावशाली मंच संचालन उमर कुरैशी द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन जगत मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जगत मिश्रा, राजेन्द्र चंद्राकर, ललित पांडेय, एके भार्गव, संभागीय अध्यक्ष जेपी उपाध्याय, डीएल डहरिया, राजकुमार मिश्रा, किशुन राठौर, कोमल पटनवार, डीएन कश्यप, पवित्र सिंह बेदी, रामकुमार यादव, नंदकुमार साहू, एलपी श्रीवास, राजकुमार शर्मा, हूपसिंह क्षत्री, नीलम राजकुमार, रामजीवन जायसवाल, केडी सोनी, रमेश पाण्डेय, योगेंद्र सिंह ठाकुर, रामकुमार निर्मलकर, रामसनेही शास्त्री, विनोद शर्मा, ईश्वर भोई, डीपी जायसवाल, सचिन देवांगन, मधु सूद, सी एक्का, अश्वनी मिश्रा, केएल अग्रवाल, आशा सुबोध, निरंकार तिवारी, अमरनाथ साहू, कमल किशोर, बीके बंजारे,जेएन मिश्रा, आनंद भारती छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष पवन शर्मा, जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा, महामंत्री हिमांचल साहू, श्याम उरांव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सशिमं लखराम में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम



**लखराम।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय लखराम में नारी केंद्रित सप्तशक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दिव्या चंदेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि, नारी परिवार का आधार है, परिवार को सुव्यवस्थित संचालित करने में नारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

आज समय बदल गया है और समाज एवं शासन में नारियों की भागीदारी भी बढ़ी है। अब हर परिवार की नारियों को समाज, परिवार तथा देश हित के कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी निभाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ रश्मि जितपुरे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लखराम ने कहा कि, देश कल्याण के कार्यों में तन्मय होकर भागीदारी निभाने के लिए स्वस्थ शरीर का होना महत्वपूर्ण है, इसलिए नारियों को अपनी सेहत का ध्याम रखते हुए उचित खान-पान करना चाहिए। इस अवसर पर लखराम सरपंच रूखमणी साहू विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यकम में उत्कृष्ट नारी के रूप में गीता साहू, कीर्ति देवांगन, अमरीका साहू का तथा विद्यालय के पूर्व छात्र सैनिक अक्षय साहू की मां परमेश्वरी साहू तथा सैनिक भूपति मिश्रा की मां कुंतीमा मिश्रा को सम्मानित किया गया। पूर्व आचार्य संगीता कुंभकार एवं छात्रा नमिता, शिवानी, नम्रता, श्रुति साहू, ज्योति कश्यप नीलम देंवांगन ने रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई के अभिनय की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन दीदी आकांक्षा साहू एवं मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ दीनदयाल यादव ने किया। सफल आयोजन में आशा देंवांगन, उषा केंवट, पूजा कश्यप सुनीता कुंभकार का विशेष योगदान रहा।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एग्जाम अपडेट

## 8 फरवरी को 132 केंद्रों में होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

**बिलासपुर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन ने आखिरकार सीटेट की डेट जारी कर दी है। इसके अलावा परीक्षा आयोजन संबंधित जानकारी भी सीबीएसई ने नोटिस जारी कर बताई है। सीबीएसई ने ऑफिशियल नोटिस में बताया कि इस बार सीटेट का 21वां संस्करण आयोजित होगा। इसमें पेपर-1 और पेपर-2 दोनों शामिल हैं। जो कैंडिडेट्स आवेदन करना चाहते हैं वे सीटेट की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। सीटेट 8 फरवरी को आयोजित होगा। परीक्षा देश के 132 शहरों में 20 भाषाओं में कराई जाएगी। इस साल सीटेट में उम्मीदवारों को दो पेपर देने होंगे। सीबीएसई की ओर से जल्द ही एग्जाम सिलेबस, पैटर्न और एग्जाम फीस आदि की जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

### जरूरी है बीएड-डीएलएड उपाधि

सीबीएसई सीटेट पेपर-1 उन उम्मीदवारों के लिए है जो पहली से पांचवी कक्षा तक के शिक्षक बनना चाहते हैं। पेपर-2 उनके लिए है, जो कक्षा 6वीं से 8वीं तक पढ़ाना चाहते हैं। यह एग्जाम टीचर भर्ती के लिए एक अनिवार्य पात्रता परीक्षा है। जो कैंडिडेट सीटेट पास करते हैं, वे सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए योग्य हो जाते हैं।

जागरूकता

## डायबिटीज से बचाव व स्वस्थ जीवन बनाने दिया गया संदेश



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने डायबिटीज पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान एक रैली निकाल कर पम्पलेट बांटा गया एवं डायबिटीज से बचाव व स्वस्थ जीवन बनाने का संदेश दिया। अभियान के दौरान बताया गया कि वर्तमान समय में मधुमेह की दस्तक घर-घर तक हो गई है। मधुमेह एक पुरानी बीमारी है। यह वंशानुगत या जीवनशैली बिगड़ी होने के कारण होता है। जिससे आंखों, गुर्दों, नसों और हृदय को नुकसान पहुंचने का जोखिम बढ़ता है। अपनी दिनचर्या में योग, व्यायाम, पैदल चलने, हरी सब्जियों और पर्याप्त मात्रा में पानी को शामिल कर मधुमेह को टक्कर देकर स्वस्थ जीवन बनाया जा सकता है। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

आयोजन

## छत्तीसगढ़ी व्यंजन मेला कल से सीएमडी कॉलेज प्रांगण में होगा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खानपान एवं स्थानीय उत्पादों के संरक्षण, संवर्धन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी व्यंजन मेला सह हाट का आयोजन 20, 21 दिसंबर को सी.एम.डी. कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा। इसमें पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों, हस्तशिल्प सामग्री तथा ग्रामीण कारीगरों के उत्पादों की प्रदर्शनी, बिक्री की भी व्यवस्था रहेगी।



अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित इस मेले का उद्घाटन 20 दिसंबर को सायं 3 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। वहीं शाम 6 बजे नगर विधायक अमर अग्रवाल एवं कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की उपस्थिति रहेगी। मनोरंजन के लिए प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 21 दिसंबर को शाम 4 बजे मुख्य अतिथि के रूप में कौशल्या विष्णु देव साय कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

स्पोर्ट्स

## 23वीं राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री स्पर्धा कल





**बिलासपुर।** 23वीं राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन 20 एवं 21 दिसंबर को बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित की जानी है, यह प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की जा रही है। जिसमें 16,18 व 20 वर्ष के बालक- बालिका एवं वरिष्ठ महिला -पुरुष वर्ग इसके लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा,उपाध्यक्ष सौरभ राय, सचिव हेमंत सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष के. श्रीनू मैदान व्यवस्था पीजी जय कृष्ण नन, मंतोष कुमार साहू ,स्नेहिल कुमार यादव, टी रमेश बाबू, सुनील कुमार पटेल, एस गोविंद राव आवास व्यवस्था दीपक कुमार साहू, अजीत कुमार यादव, आंचल भगत, अदिति वर्मा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष सौरभ राय एवं सचिव हेमंत सिंह परिहार ने जानकारी दी।

# विंटर वैकेशन: शिमला,मनाली व राजस्थान जा रहे पर्यटक ऑउट ऑफ इंडिया में थाईलैंड, बाली व दुबई भी पसंद

विंटर की छुट्टियां प्रारंभ होने ही वाली है,इसके पहले ही फैमली व फ्रेंड्स के साथ बाहर घूमने जाने का प्लान लोगों ने बना लिया है,इंडिया में राजस्थान,शिमला मनाली व उतराखंड जाने लोग अधिक रूचि दिखा रहे है। इसी तरह ऑउट ऑफ इंडिया जाने के लिए युथ में थाईलैंड,बाली व दुबई घूमने जाने की पसंद अधिक बनी हुई है,ट्रैवल एजेंट अशीष शर्मा ने बताया कि इस सीजन में सभी हिल स्टेशनों पर हॉटल के रूम के प्राइज बढ़ जाते हैं, जो मिलता भी है उसकी कीमतें सामन्य से दोगुनी रहती है। इस समय फैमली टूर की डिमांड अधिक होती है। इसी को देखते हुए टूर एंड ट्रैवल ने कई ऑफर भी चला रहे हैं। जिसका लाभ वे इनसे बुकिंग करते समय दिया जा रहा है। ट्रैवल एजेंट ने बताया कि इस विंटर वेकेशन में बाहर घूमने जाने को लेकर डिमांड अधिक है, चूंकि गर्मी की छुट्टियों में कशमीर में हमला हो जाने से पर्यटक गर्मी में कही नही जा पाए थे।



### ट्रैवल गाइड

कोई और सीजन कहीं भी जाने से पहले पर्यटकों को कुछ बातों का ख्याल ध्यान रखना टल टैक्सी आदि की पूरी जानकारी ले और हे सके तो वीडियो के जरिए पहले चेक कर चानी ट्रैवल एजेंसी से हो पैकेज डील करें। ऐसी एजेंसियों से पैकेज फाइनल करे जिनका में ऑफिस हो और भरोसेमंद हो एयर टिकट ट्रेन टिकट सब कुछ रवाना होने के पहले र लें। होटल की बुकिंग रिसिप्ट भी पहले ले जिससे वहां पहुंचने के बाद दिक्कत नाहो। कि आप दूर के इलाकों का हो भ्रमण करें छत्तीसगढ़ और इससे लगे राज्यों में भी अनेक क्षेत्र है जहां का भ्रमण किया जा सकता है।

### 10 से 50 हजार तक चल रहा पैकेज

ट रोहन शर्मा ने बताया कि इंडिया में घूमने जाने के लिए पर पर्सन 10 हजार रूपए ज शुरू हो जाता है,ऑउट ऑफ इंडिया जाने के लिए 40 से 50 हजार रूपए पर पैकेज स्टार्ट है। इन जगहों में जाने लोग टूर एजेंट से संपर्क कर बुकिंग करा रहे है। इन्होंने बताया कि अब लोगों की मानसिकता बदली है,फैमली के साथ क्वालिटी टाईम स्पेंड करने लोगों में रूचि पहले बहुत बढी है।

### बुर्ज खलिफा व म्युजियम देखने जा रहे

बाली व दुबई में घूमने जाने कपल अधिक पसंद कर रहे है, बाली में कई एडवैंचर जगहों को देखने पर्यटक जा रहे है। इसी तरह दुबई में सबसे बड़ी इमारत बुर्ज खलीफा, म्युजियम जैसे तमाम जगहों देखने लोग खूब उत्साहित है।



### मनाली व शिमला में स्नोफॉल पसंद

पैरामाउंट ट्रैवल के संचालक मनप्रीत सालूजा ने बताया कि वींटर में पर्यटकों की पहली पसंद मनाली व शिमला है,इस सीजन में यहां स्नोफॉल होती है। इस स्नोफॉल को देखने लोग बेहद उत्सुक रहते है। जब आसमान से बर्फ गिरती है,तो यह नजारा लोगों को खूब भाता है। इन्होंने बताया कि पर्यटक आउड ऑफ इंडिया भी बहुत घूम रहे हैं, इस सीजन में बाली, थाईलैंड व दुबई जैसे जगहों में जाना खूच पसंद कर रहे है। इन जगहों में पर्यटक अधिक जाना चाह रहे हैं। इसके लिए आकर्षक पैकेज भी किए जा रहे हैं।

गाए एक से बढ़कर एक भजन

## चालीहा महोत्सव में दतिया से आए सेवादारों के जत्थे ने लगाई हाजिरी



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल मंदिर में चल रहे चालीहा महोत्सव में हाजिरी लगाने मध्यप्रदेश के दतिया शहर से संत सांई हजारी राम दरबार के सेवादारों का एक 15 सदस्यीय जत्था चकरभाटा पहुंचा एवं एक से बढ़कर एक भजन पेश किया

कार्यक्रम के समापन पर भगवान झूलेलाल एवं बाबा गुरमुख दास की फोटो पर पुष्प और अर्पित व आरती कर किया गया। धुनी की शुरुआत वरुण सांई एवं अनिल पंजवानी ने भक्ति भरे भजनों की प्रस्तुति देकर की। दतिया से आए सेवादारों ने भी भजन पेश किया और बताया कि 14 साल से वे लोग झूलेलाल मंदिर से जुड़े हैं और प्रतिवर्ष यहां चालीहा महोत्सव में हाजिरी लगाने आते हैं। दतिया में भी अगस्त माह में ज्योति स्नान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश भर के संत महात्मा पहुंचते हैं। संत सांई लाल दास विशेष रूप से इस कार्यक्रम में जाते हैं। भक्तों ने संत लाल दास एवं श्री सांई ने दतिया से आए हुए भक्तों व शदाणी नगर माना रायपुर से पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष कर्मचंद गाबड़ा का सम्मान किया। आखिर में पल्लव पाया गया। प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में बाबा गुरमुख दास सेवा समिति, श्री झूलेलाल महिला सखी सेवा ग्रुप के सदस्यों का सहयोग रहा।

सेवा गतिविधियों की दी गई जानकारी

## लायंस क्लब वसुंधरा की संयुक्त अधिकारी यात्रा

लायंस क्लब इंटरनेशनल वसुंधरा बिलासपुर ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, रीजन चेयरपर्सन एवं जोन चेयरपर्सन की संयुक्त अधिकारी यात्रा रखी। जिसमें क्लब की प्रशासनिक व सेवा गतिविधियों के बारे में जानकारी देकर आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।



**बिलासपुर।** अधिकारी यात्रा में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ विजय अग्रवाल, फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ रिपु दमनपुसरी, रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार, जोन चेयरपर्सन सुषमा तिवारी, विशिष्ट अतिथि एमजेएफ आशीष अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार कैलाश अग्रवाल, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ दिलीप भंडारी थे।

अध्यक्षता अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर किया। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर मंजू तिवारी ने अतिथियों का टीका वंदन कर स्वागत किया। गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन शोभा त्रिपाठी ने पेश किया। ध्वज वंदना संजना मिश्रा ने किया। क्लब के सभी सदस्यों को डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टरी एवं पिन प्रदान की गई। अध्यक्ष श्रीमती मिश्रा एवं सचिव श्रीमती तिवारी को क्लब एक्सीलेंट सर्टिफिकेट एवं पिन से सम्मानित किया गया। मेंबरशिप ग्रोथ के लिए साधना दुबे, रेखा गुल्ला, किरण बाजपेई एवं उनके स्पॉन्सरों को मेंबरशिप एवं स्पॉन्सर किट प्रदान की गई। सर्वाधिक उपस्थित सदस्यता के लिए मंगला कदम को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा, चांदनी सक्सेना, सलमा बेगम, सावित्री जायसवाल, मंगला कदम, हंसा सेलारका, गायत्री कश्यप, शोभा चाहिल, साधना दुबे, किरण बाजपेई, शारदा कश्यप, मंजुला शिंदे, मंजू तिवारी, रत्ना खरे, सीता तिवारी उपस्थित रही।

कार्नर न्यूज

# स्मार्ट इंडिया हैकाथान के विजेता बने अटल विवि के छात्र

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथान का विजेता घोषित किया गया है। विभाग को कोयंबटूर के एक इंजीनियरिंग महाविद्यालय के साथ संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया है, स्मार्ट इंडिया हैकाथान का आयोजन तीन स्तरों पर पूरे भारत के तकनीकी संस्थानों में आयोजित किया गया।

जिस प्रॉबलम स्टेटमेंट का सॉल्यूशन छात्रों ने बनाया वह छत्तीसगढ़ राज्य में हाथियों की गतिविधियों का वास्तविक समय में पता लगाने और मानव-हाथी संघर्ष की रोकथाम के लिये तकनीक के माध्यम से निराकरण करने से संबंधित था। इस प्रॉब्लम स्टेटमेंट में पूरे भारत से 450 टीमों ने भाग लिया था। भारत सरकार के अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के द्वारा पांच टीमों का चयन ग्रैंड फिनाले हेतु किया गया जिसका आयोजन ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के द्वारा चिन्हित नोडल केंद्र के रूप में 8 से 12 दिसंबर को किया गया। जिसमें कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग के छात्रों के द्वारा बनाए गए प्रोटो टाईप डिवाइस को लाइव प्रदर्शित भी किया गया तथा समाधान का प्रेजेंटेशन दिया गया, नियुक्त तीन ज्यूरी सदस्य के द्वारा बनाए गए डिवाइस का सूक्ष्म एवं विस्तृत अवलोकन किया एवं तत्पश्चात कोयंबटूर की टीम के साथ संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया।






### स्टार्टअप के लिए अवसर

विभागाध्यक्ष ने बताया कि विभाग सदैव ही छात्रों को नई-नई जानकारियां देने कार्यशालाओं का आयोजन करता रहा है, समय-समय पर तकनीक से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर हैकाथान का भी आयोजन करता रहा है। इसी का परिणाम है कि छात्रों ने स्मार्ट इंडिया हैकाथान जैसे प्रतिष्ठित प्रतिस्पर्धा में पूरे भारत के 400 से अधिक टीमों को पीछे कर विजेता घोषित हुई है उन्होंने कहा कि यह विभाग के लिए गौरव का क्षण है, विजेता घोषित होने की पश्चात विजेता छात्रों को स्टार्टअप के माध्यम से वित्तीय सहायता भी मुहैया कराया जाएगा तथा विभिन्न स्टार्टअप अथवा उद्योग जगत के समस्याओं को हल करने हेतु परियोजना प्राप्त हो सकेगा तथा उन्हें भविष्य में नौकरी के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

### 1360 टीमों ने ग्रेंड फिनाले में लिया भाग

इस स्मार्ट इंडिया हैकाथान में भाग लेने के लिए छात्रों ने पिछले दो महीने से विभागाध्यक्ष डॉ एच एस होता के नेतृत्व में और मेंटरशिप में कड़ी मेहनत की है जिसके फलस्वरुप यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो सका है छात्रों को मेंटरिंग करने विभाग के सहायक प्राध्यापक राहुल हरीप्रिया एवं शोध छात्र पुष्पेश कश्यप का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्मार्ट इंडिया हैकाथान 2017 से प्रत्येक वर्ष तकनीकी शिक्षा से संबंधि युवाओं के मध्य नवाचार को प्रोत्साहन करने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे भारत में आयोजित किया जाता है, इसमें सर्वप्रथम विभिन्न राज्यों से तथा उद्योग जगत, विभिन्न मंत्रालय से संबंधित समस्याओं को आमंत्रित किया जाता है और उस प्रॉब्लम स्टेटमेंट का सॉल्यूशन तकनीक के माध्यम से किस प्रकार किया जाए इस हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती है। इस वर्ष स्मार्ट इंडिया हैकाथान में 271 प्रॉबलम स्टेटमेंट विभिन्न राज्यों एवं विभागों से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद को प्राप्त हुआ था तथा प्रत्येक प्रॉबलम स्टेटमेंट में 400 से 500 समूह की प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी, जिसमें लगभग 1 लाख 42 हजार 715 टीमों ने आइडिया सबमिशन किया था। जिसमें लगभग 8 लाख से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया। सभी प्राब्लम स्टेटमेंट में से 1360 टीमों ने ग्रेंड फिनाले में हिस्सा लिया तथा प्रत्येक प्राब्लम स्टेटमेंट के लिए एक-एक टीम को विजेता घोषित किया गया।

## खबर संक्षेप

### अल्पसंख्यक मंडल के प्रदेश मंत्री बने हूरा



**सरगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय की सहमति से रणजीत सिंह हूरा को अल्पसंख्यक मंडल के प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। रणजीत सिंह सक्रिय कार्यकर्ता के साथ-साथ प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य जैसे बड़े पदों पर रह चुके हैं। उन्होंने प्रदेश के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ प्रदेश व जिला के सभी वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार किया है।

### प्रदेश मीडिया प्रभारी बने सचिन



**मुंगेली।** संगठनात्मक दायित्वों का विस्तार करते हुए सचिन मसीह को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस घोषणा के अंतर्गत संगठनात्मक दायित्वों का विस्तार करते हुए सचिन मसीह को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## निधन

### प्रमिला पाण्डेय



**तखतपुर।** रवेली निवासी प्रमिला पाण्डेय 50 वर्ष का 17 दिसम्बर को निधन हो गया। वे अशोक, विनोद, सतीश की बहन थी। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### कोमल शर्मा



**बिलासपुर।** बंधवापारा महाराणा प्रताप भवन के सामने निवासी कोमल शर्मा का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 दिसंबर को सरकण्डा मुक्तिधाम में किया गया। वे दीप कुमार शर्मा के छोटे भाई और अमित, अविनाश शर्मा के चाचा थे।

### कपिलनाथ शर्मा



**बिलासपुर।** देवनंदन नगर फेस-1 निवासी व देवनंदन नगर समिति के पूर्व अध्यक्ष कपिलनाथ शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अनिल प्रकाश, ओमप्रकाश एवं जयप्रकाश शर्मा के पिता थे।

### छोटे लाल साहू



**तखतपुर।** ग्राम सागर निवासी छोटेलाल साहू 82 वर्ष का 18 दिसंबर को निधन हो गया। वे दुर्गा प्रसाद साहू, मुकेश साहू के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सागर में किया गया।

### नलिन कुमार



**बिलासपुर।** प्रियदर्शनी नगर निवासी डा. नलिन कुमार जेम्स का उम्र 81 वर्ष की आयु में 18 दिसंबर की शाम को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 19 दिसंबर की दोपहर 2.30 बजे सिंधी कॉलोनी स्थित प्रभु की वाटिका क़ब्रस्तान में किया जाएगा। वे बीईसी फर्टिलाइज़र में कार्यरत नितिन जेम्स और वैभव जेम्स के पिता थे।

### शत्रुहनलाल सोनी



**मुंगेली।** ग्राम पंचायत कंचनपुर-राजपुर के प्रतिष्ठित नागरिक शत्रुहनलाल सोनी का 103 वर्ष की आयु में 16 दिसम्बर मंगलवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र कृष्ण कुमार सोनी, प्रशांत सोनी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कंचनपुर के मुक्तिधाम में किया गया।

### कीर्ति बाई साहू



**बिलासपुर।** दीनदयाल कालोनी परसदा निवासी श्रीमती कीर्ति बाई साहू का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम नरौतीकापा के मुक्तिधाम में किया गया। वे भैयाराम साहू की पत्नी एवं घनश्याम साहू, डा. मन्नू साहू व ममता साहू की माता थीं।

### 426 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान

# जिले में अब तक 17 लाख 94 हजार क्विंटल धान की खरीदी



**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले की 66 समितियों के 105 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत 1 लाख 10 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से पारदर्शिता के साथ जारी है।

अब तक 17 लाख 94 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है, इनमें मोटा 10 लाख 18 हजार 713 क्विंटल, पतला 135 क्विंटल और सरना 7 लाख 75 हजार 246 क्विंटल धान शामिल है। खरीदी केन्द्रों से धान उठाव कार्य भी लगातार जारी है। अब तक 3 लाख 80 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान की खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए एवं किसानों को आसान भुगतान सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य किया जा रहा है। धान खरीदी के 3 दिन के अंदर ही किसानों के खाते में राशि का भुगतान किया जा रहा है। अब तक 39 हजार 985 किसानों को 426 करोड़ 61 लाख से अधिक राशि का भुगतान किया जा चुका है। जिले के कुल 10 सहकारी बैंकों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 2 हजार किसानों को 7 करोड़ रुपए से अधिक राशि का भुगतान किया जा रहा है। साथ ही सभी 66 समितियों में माइक्रो एटीएम के माध्यम से प्रतिदिन 20 हजार रूपए तक का नगद भुगतान किया जा रहा है। आसान भुगतान के लिए जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को एटीएम कार्ड की सुविधा प्रदान की गई है एवं चेक बुक का वितरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध धान भंडारण एवं परिवहन को रोकने जिले की सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी आंतरिक चेक पोस्ट पर भी टीमों को तैनात किया गया है। निगरानी दल द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ ही संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। कोचियों एवं बिचौलियों के माध्यम से अवैध रूप से धान खपाने की घटनाओं पर रोक लगाने की इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से धान खरीदी प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है।

### किसान को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**तखतपुर।** कृषि कार्य निपटाकर अपने घर वापस जा रहे किसान को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम खम्हरिया निवासी परमेश्वर सिंह ठाकुर का बड़ा भाई जलेश्वर ठाकुर कृषि कार्य से तखतपुर गया था। वह अपने दुपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 एयू 7030 से घर वापस आ रहा था। वह लगभग 11 बजे ग्राम करनकापा में टीकाराम कश्यप के घर के पास पहुंचा था तभी अज्ञात कार चालक पीछे तरफ से तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर जलेश्वर सिंह को टक्कर मार दी। घटना में जलेश्वर सिंह के सिर, चेहरा पर चोट आई है। जिसे मंगला अस्पताल बिलासपुर में ईलाज हेतु भर्ती कराए जाने की सूचना थाने में दी गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।



## शराब दुकान स्थानांतरित करने महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मरवाही**

जीपीएम जिले के नगर पंचायत मरवाही में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने तेज आंदोलन शुरू कर दिया है।

महिलाओं ने एसडीएम मरवाही को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान को हटाने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि, शराब दुकान के कारण उनके मोहल्ले में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, और शराबियों के द्वारा महिलाओं से अभद्रता पूर्वक व्यवहार भी किया जाता है। महिलाओं ने बताया कि, उन्होंने पहले भी कई बार शासन-प्रशासन से शराब दुकान को हटाने की मांग की है, लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। महिलाओं ने सरकार के नाम अल्टीमेटम दिया है कि, यदि जल्द से जल्द उनकी मांग नहीं मानी गई, तो वे उग्र धरना प्रदर्शन करेंगी। महिलाओं का कहना है कि, वे अपने मोहल्ले को शराबियों से मुक्त कराना चाहती हैं, और अपने बच्चों को सुरक्षित माहौल में पालना चाहती हैं।

## कलेक्टर ने किया शासकीय स्कूलों की निरीक्षण

### शिक्षकों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**भरीडांड़।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी और जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे ने गुरुवार को मरवाही के शासकीय हाई स्कूल लोहारी, कटरा, उषाड़ और बगरार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर अध्ययन-अध्यापन का जायजा लिया।

उन्होंने प्रत्येक स्कूलों में शिक्षकों की बैठक लेकर विद्यार्थियों की दर्ज संख्या, पदस्थ शिक्षकों की संख्या, उनकी पदस्थापना तिथि एवं उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषयों की जानकारी ली। उन्होंने आगामी 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने और अपने नैतिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने शिक्षकों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी शिक्षकों से कहा कि, सिर्फ अपनी ड्यूटी करके खानापूर्ति नहीं करना है, बल्कि अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करते हुए बच्चों को पढ़ाएं, उनका मार्गदर्शन करें, ब्लूप्रिंट के अनुसार परीक्षा की तैयारी कराएं। कलेक्टर ने कहा कि, प्रयासों में कमी नहीं होनी चाहिए। अर्धवार्षिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को और अधिक प्रेरित करें तथा कमजोर बच्चों के प्रति विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने हाई स्कूल लोहारी में बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने तथा पिछले वर्ष 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 27 प्रतिशत और हाई स्कूल कटरा में 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 57 प्रतिशत होने की जानकारी पर असंतोष जताया। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम लाने के लिए समर्पण भाव से अध्यापन कार्य करने कहा। इसी तरह उमा विद्यालय उषाड़ और बगरार में अध्ययन-अध्यापन की जानकारी व शिक्षकों की बैठक लेकर परीक्षा परिणाम में सुधार लाने आवश्यक निर्देश दिए।

### आयुष बने भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य



**तखतपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रदेश युवा मोर्चा का टीम गठन किया गया जिसमें नगर के छात्र नेता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आयुष सिंह ठाकुर भाजपा युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया है। अपनी नियुक्ति पर आयुष सिंह ठाकुर ने कहा कि संगठन ने जो दायित्व दिया है उसके लिए संगठन का आभारी रहूंगा और पूर्ण निष्ठा के साथ संगठन का काम करूंगा।

## ग्रामीण बैंक बिल्हा की नवीन शाखा का उद्घाटन



**बिल्हा।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की बिल्हा शाखा के नवीन सर्वसुविधायुक्त परिसर का उद्घाटन 18 दिसंबर गुरुवार को बैंक अध्यक्ष विनोद अरोरा ने किया। यह शाखा बिल्हा के मध्य प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र में स्थित है, जो क्षेत्रीय जनता को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश कुमार सिंह राजपूत, शाखा प्रबंधक आयुष चंदेल तथा अन्य सेवायुक्त सहित बड़ी संख्या में ग्राहक एवं उपभोक्ता उपस्थित रहे।

इस मौके पर अध्यक्ष अरोरा ने कहा कि, इस नवीन परिसर के शुभारंभ के साथ बैंक ने वित्तीय समावेशन के मिशन को मजबूती प्रदान करने और स्थानीय व्यवसायिक गतिविधियों को सहयोग देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। एवं यह शाखा ग्राहकों को डिजिटल और पारंपरिक दोनों प्रकार की सुविधाएं उच्च गुणवत्ता के साथ प्रदान करेगी। उन्होंने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं जैसे केसीसी, पीएम सूर्यघर योजना, आवास ऋण, एसएमई ऋण, व्यक्तिगत ऋण, कार ऋण आदि के बारे में ग्राहकों से चर्चा की। साथ ही बैंक की विभिन्न जमा योजनाओं जैसे एफडी, आरडी, एसआईपी, आकर्षक जीवन बीमा पॉलिसी, दुर्घटना बीमा पालिसी, एपीवाय आदि की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि, बिल्हा ब्लॉक में हमारी तीन ब्रांच संचालित हैं, तथा पूरे प्रदेश में 626 ब्रांच चालू हैं। इस अवसर पर राकेश शर्मा, अशोक वर्मा, ऋषि गुरुजी, मोनू बग्गा, इंद्र कुमार गुप्ता, हरीश जैसवानी, विनय गुप्ता, शुभम अग्रवाल, जलेश्वर कौशिक, गोविंदराम चंगलानी, हरीश गुप्ता, कमल गर्ग, प्रीति सोनी आदि उपस्थित रहे।

## नियमित विमान सेवा हेतु हनुमान चालीसा का पाठ



**बिल्हा।** एक लंबे अरसे से संघर्ष के बाद भी अभी तक बिलासपुर एयरपोर्ट में नियमित विमान सेवा चालू ना हो सकी। यह बिलासपुर संभाग का दुर्भाग्य ही कहा जाए कि, एक केंद्रीय मंत्री 15 सांसद के प्रयासों के बावजूद एक औद्योगिक केंद्र के साथ-साथ एक प्रमुख प्रशासनिक केंद्र हाई कोर्ट एनटीपीसी कॉल का मुख्यालय रेलवे जोन होने के पश्चात भी सारे संसाधन मौजूद होने के बाद भी बिलासपुर अन्य महानगरों से नियमित विमान सेवा के माध्यम से जुड़ने में अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।

उपरोक्त नियमित विमान सेवा में आ रही रूकावटों को दूर करने के लिए हनुमान चालीसा समिति कुटिया मंदिर बिल्हा में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और यह नियमित विमान सेवा बहाल होते तक इस पाठ का आयोजन होते रहेगा। उक्त जानकारी हनुमान चालीसा समिति के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ प्रखर पत्रकार महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ आरसी अग्रवाल ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप गुप्ता, सुखी देवांगन, शिवम नौबतका, राजेश शर्मा, संजय अग्रवाल, राजेश नागलिया, हरीश शर्मा, कमल गर्ग पत्रकार, राजकुमार मानिकपुरी, श्रवण गुप्ता, सतीश शर्मा, कैलाश शर्मा, कन्हैया नौबतका, ईश्वर कुमार गुप्ता, टेम्पो यादव, सुरेंद्र मित्तल व गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।

## जनदर्शन में सुनी गईं लोगों की मांग व समस्याएं



ग्रामीणों की समस्या सुनते अधिकारी।

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट में मंगलवार को जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनदर्शन में जिले के ग्राम धरमपुरा के पूनम निर्मलकर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण कराने, ग्राम चंदली के स्वारथ लाल साहू ने दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम सोढ़ार के ग्रामीणों ने स्वच्छ पेयजल दिलाने, ग्राम भीमपुरी के छबिला रात्रे ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इसी तरह ग्राम हरियरपुर के नरेन्द्र गेंदले ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने, ग्राम नुनियाकछार के राजेश निषाद ने भूमि का रकबा सुधार कराने, ग्राम सारधा के दिनेश राजपूत ने नामांतरण कराने, ग्राम बोईरपारा की बिपती बाई ने अपने राशनकार्ड का केवायसी कराने, ग्राम खैरवार बै के ग्रामीणों ने ग्राम में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, ग्राम लपटी के शत्रुहन यादव ने नया ऋण पुस्तिका बनवाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। एडीएम ने प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार निराकरण के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान अपर कलेक्टर जीएल यादव, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा एवं सारिका मित्तल सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बालिका टेबल टेनिस रैंकिंग चैंपियनशिप 21 को

**लोरमी।** जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से 13 वर्ष, 15 वर्ष एवं 17 वर्ष बालिका रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन 21 दिसम्बर 2025 रविवार को विकासखंड खेल केन्द्र लोरमी में सुबह 9.30 बजे से किया जा रहा है। स्पर्धा के अंतर्गत 13 वर्ष, 15 वर्ष एवं 17 वर्ष से कम जूनियर बालिका उम्र के सभी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी, पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने के लिए आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो को संस्था के सौजन्य से एडवांस ट्रेनिंग देकर राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार किया जाएगा।

## परसापानी में लगा एवीएम की रासेयो इकाई का शिविर



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत परसापानी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन यातायात सुरक्षा और नशा मुक्त समाज के लिए युवा बौद्धिक चर्चा की गई।

चर्चा के मुख्य अतिथि जीवधर्णी फॉउन्डेशन के संस्थापक एवं सदस्य विकास वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना एयू रहे। विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता विद्या गोवर्धन, मीना जीवधर्णी रहीं। अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। शिविर में विद्यालय के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव और कोटा विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि देवदत्त पांडेय उपस्थित रहे। बौद्धिक चर्चा के उपरांत मुख्य अतिथि विकास चंद्र वर्मा ने स्वयंसेवकों से परसापानी के विद्यार्थियों को कॉपी तथा पेन वितरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जागृति खर्डेनवीस, एनएसएस सहायिका अपूर्वा तिवारी तथा शिक्षक मयंक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेविका दिशा खांडेकर ने किया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तुरी, जिला-बिलासपुर,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क.-...../अ-2/2025-26
मौजा भिलोनी, प.ह.न. 66,
तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर,छ.ग.

हरिश मधुकर पिता बलराम मधुकर, निवासी भारतीय नगर बिलासपुर, तहसील व जिला-बिलासपुर, छ.ग........**आवेदक/आवेदिका विरुद्ध** छ.ग.शासन ............**अनावेदक**

एतद् द्वारा ग्राम भिलोनी, प.ह.नं. 66, तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका हरिश मधुकर पिता बलराम मधुकर, निवासी भारतीय नगर बिलासपुर, तहसील व जिला-बिलासपुर छ0ग0 ने उपस्थित होकर मौजा मिलोनी, प.ह.नं. 66, तहसील पचपेड़ी, जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 565/ 4, रकबा 0.2950 हे. में से 0.50 एकड़ भूमि को छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत औद्योगिक (फ्लाई ऐश ब्रिक्स) प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक-22.12.2025 के लिये नियत है।

अत: तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक- 08.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तुरी, जिला-बिलासपुर,छ.ग.**

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस / समंस**

उ.प्र.क्र. 82/2025
आदेश दिनांक 06.12.2025
पेशी दिनांक 16.01.2026
प्रोसेस क्रमांक 220/25

निर्मल कुमार धीवर + 2 अन्य... आवेदकगण
विरूद्ध
माननीय मुख्य अधीक्षक + 2 अन्य...
अनावेदकगण

इस न्यायालय मे आवेदिकागण ने अनावेदकगण के विरूद्ध धारा 372 वास्ते उत्तराधिकार अधिनियम का आवेदन पत्र पेश किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 16.01.2026 को है।

जिस किसी भी आमजन को उक्त आवेदन पत्र में कोई आपत्ति हों तो वह सुनवाई दिनांक 16.01.2026 को सुबह 11:00 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 16.01.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता हैं या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता हैं तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 16.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 16.12.2025

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मौजा सिरगिट्टी, प.ह.न. 41, रा.नि.म. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, अंतर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि ख.न. 636/47 क्षेत्रफल 1056 वर्गफुट भूमि है जिसे श्री भीमराव जी वाल्दे पिता श्री रूसाराव जी वाल्दे निवासी तिफरा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा आसिफ मोहम्मद पिता स्व. फैज मोहम्मद निवासी डीपूपारा तारबहार बिलासपुर छ.ग. के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 04/02/2006, ग्रंथ क्रमांक 12797, पंजीयन क्रमांक 5371 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. के माध्यम से विक्रय किया गया है। जिसे आसिफ मोहम्मद के द्वारा यास्मीन बी पिता स्व. अमीर खान निवासी वार्ड न. 07 संत कबीर दास वार्ड बिलासपुर छ.ग. वाले को विक्रय किया गया हैं। वर्तमान में उक्त भूमि पर यास्मीन बी का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विक्रय पत्र यास्मीन बी से कही गुम हो गया है। यास्मीन बी द्वारा उक्त भूमि को बंधक कर टाटा कैपिटल एच.एफ.सी. शाखा व्यापार विहार बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक 18/12/2025

**भवदीय**
**एम.एल. यादव**
**(एडवोकेट)**
**एमआईजी-2/14, नर्मदा नगर**
**बिलासपुर (छ.ग.) मो.9300325314**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जरौंधा, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक /Q/सीमांकन / रा.नि./2025-26
जरौंधा, दिनांक 17/12/2025

प्रति,
आवेदक किरणकला पति केदारनाथ 2. अनिल अजय अंजनी पि.शेषनारायण 3. ऋचा तिवारी/अतुल तिवारी 4. विवेक उर्फ ज्ञानेश्वर दास / अमरदास 5. पारख / अमर दास 6. दुकलहा 7. अनिल सोनवानी।

**विषय:-** सीमांकन में उपस्थित होने के संबंध में।
संदर्भ:-न्यायालय तहसीलदार तखतपुर के ज्ञापन क्र........./........./तह. वा./2025 तखतपुर दिनांक .......के अनुसार ।

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर तखतपुर के ज्ञापन अनुसार आवेदक किरणकला पति/पति केदारनाथ के द्वारा ग्राम ढनढन प.ह.न. रा.नि.मं. जरौंधा तहसील-तखतपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 731/4 रकबा क्रमशः 0.603 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार तखतपुर को आवेदन किया गया है। उक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 20/12/2025 को समय 11:00 से 05.00 बजे से किया जाना है, आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि सम्बंधित एवं मौका कब्जा प्रमाण के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

**टीप:-** विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय परिवर्तन हो सकता है।
दिनांक: 17/12/2025

**राजस्व निरीक्षक**
**जरौंधा,**
**तहसील - तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**-:: न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.) ::-**

**-: ईश्तहार:-**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26
पक्षकार:-सविता देवानी पति नंदलाल देवानी ..... आवेदक बनाम रवि सचदेव पिता गोपीचंद सचदेव....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सविता देवानी पति नंदलाल देवानी निवासी 308/92 एल-4 पाठक किराना के पास विनोबा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला खपरगंज शीट नं. 33 प्लाट नं. 50/1, 2,3,4,5,6 रकबा 29455 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर निर्मित बहुउद्देशीय परिसर ''श्रीराम प्लाजा'' के भूतल की शाप नं. 25 कुल निर्मित रकबा 239.16 व.फु. को आवेदक के द्वारा अनावेदक रवि सचदेव पिता गोपीचंद सचदेव से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04.10.2023 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 29/12/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 12/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**नजूल अधिकारी, नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार:-**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26
पक्षकार:-सविता देवानी पति नंदलाल देवानी .....आवेदक बनाम रवि सचदेव पिता गोपीचंद सचदेव....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सविता देवानी पति नंदलाल देवानी निवासी 308/92 एल-4 पाठक किराना के पास विनोबा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला खपरगंज शीट नं. 33 प्लाट नं. 50/1, 2,3,4,5,6 रकबा 29455 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर निर्मित बहुउद्देशीय परिसर'' श्रीराम प्लाजा'' के भूतल की शाप नं. 26,27 कुल निर्मित रकबा 240 व.फु. को आवेदक के व्दारा अनावेदक रवि सचदेव पिता गोपीचंद सचदेव से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04.10.2023 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 29/12/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 12/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/क/अति.तह. / वाचक / 2025
बिलासपुर, दिनांक 15/12/2025
रा.प्र.क्र./अ-6/2025-26
ग्राम-देवरीखुर्द, प.ह.नं.-43

एतद्द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम देवरीखुर्द, प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मौजा देवरीखुर्द, प.ह.नं. 43, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 107/41 रकबा 0.0120 हेक्टेयर भूमि को आवेदक श्री प्रेम कुमार पटेल पिता स्व. बलराम पटेल निवासी मुरूम खदान तालाब के पास, अटल आवास एच 10 अशोक नगर बिलासपुर तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत खातेदार के फौत होने के आधार पर वाद भूमि को उसके वारिसानों के नाम पर नामातंरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / दावा हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 5/1/2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**


भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के
प्रदेश मंत्री का दायित्व मिलने पर
रणजीत सिंह हूरा (हैप्पी) जी
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें...
विनीत :- भाजपा सरगांव/ पथरिया मण्डल, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### एसएसपी ने किया सिविल लाइन थाने का निरीक्षण



**बिलासपुर**। एसएसपी ने सिविल लाइन थाने औचाक निरीक्षण किया। उन्होंने अच्छी विवेचना करने पर विवेचकों को कैश अवार्ड देने का निर्देश दिया है। गुरूवार की शाम एसएसपी रजनेश सिंह सिविल लाइन थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष में जाकर पुलिसकर्मियों से आनलाइन इंद्राज होने वाले मामले व रिकार्ड की जानकारी ली। उसके बाद रीडर कक्ष का अवलोकन कर पासवर्ड वेरीफिकेशन की जानकारी लेकर शीघ्र वेरीफिकेशन करने का आदेश दिया है। उसके बाद थाने में उपस्थित विवेचकों के पास जाकर विवेचना की डायरी का अवलोकन किया गया है। अच्छी विवेचना करने पर टीआई एसआर साहू, एसआई अमृत साहू, एएसआई विष्णु साहू, मोहर्रिर जगदीश राठौर, वरिष्ठ आरक्षक वीरेंद्र राजपूत, शिकायत शाखा के आरक्षक अनूप मिश्रा, रिडर प्रमोद को कैश अवार्ड देने का निर्देश दिया गया है। वहीं विवेचकों को वर्ष 2025 से पुराने मामलों की जानकारी ली गई और उन्हें पुराने मामले निराकरण करने का निर्देश दिया गया है।

### युवक की बेरहमी से पिटाई, वीडियो वायरल

**बिलासपुर**। पुराना बस स्टैण्ड शराब दुकान के सामने शराब पिलाने के विवाद में कुछ युवकों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, 17 दिसंबर रात 9.45 बजे तालापारा संजय नगर निवासी अजय चौहान पिता अशोक चौहान दोस्त करन बचकानी के साथ पुराना बस स्टैण्ड स्थित शराब दुकान शराब लेने गए थे। इसी दौरान एक व्यक्ति आया करन बचकानी से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर उसके अन्य साथी आ गए और करन बचकानी के साथी हाथ मुक्का, लात से मारपीट करने लगे। इसी दौरान करन बचकानी जमीन में गिर गया तो युवकों ने लात से मारपीट की है। वहीं हमलावरों के द्वारा जमकर गुण्डागर्दी की गई है। सोशल मीडिया में मारपीट की वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने अजय चौहान की रिपोर्ट पर हमलावर राहुल बंजारे, अरमान अली, मनोहर विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र बंजारे, रितेश सोनकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 191, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### सूने मकान में चोरों का धावा, नकद जेवर चोरी

**बिलासपुर**। रिटायर्ड सिम्सकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर 70 हजार रुपए नकद, सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कस्तूरबा नगर निवासी रिटायर्ड सिम्सकर्मी शेखर कुमार कनोजे पिता स्व. गुलाबचंद कनोजे ने बताया, 10 दिसंबर को घर के दरवाजे में ताला लगाकर पत्नी सरता कनोज के साथ गृहग्राम बालाघाट चले गए थे। इसी दौरान चोर उनके मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और बेडरूम के दरवाजे को छेद कर सिटकनी को तोड़कर अंदर घुस गए। लकड़ी के आलमारी का लॉक तोड़कर 70 हजार रुपए नकद, दो जोड़ी सोने का टाप्स, दो जोड़ी चांदी का पायल चोरी कर भाग गए। 16 दिसंबर को रात 8 बजे श्री कनोजे बालाघाट से अपने घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। बेडरूम में सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी खुली हुई थी, जेवर व नकद रकम चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री कनोजे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। श्री कनोजे के घर चोरी की वारदात पड़ोसी के घर लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। 10 दिसंबर को रात 11.20 बजे एक युवक आया और ताला नहीं तोड़ पाने पर 15 मिनट बाद वापस चला गया। आधा घण्टा बाद 12 बजे फिर आया और रात 2.50 बजे श्री कनोजे की शर्ट पहनकर बाहर जाते नजर आ रहा है।

**मरवाही वन मंडल का मामला** | **मुख्यालय स्तर पर की जा रही जांच**

# पीएम ग्रीन क्रेडिट योजना के कार्य में करोड़ों के घोटाले की जांच शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन वृत्त बिलासपुर के मरवाही वन मंडल में प्रधानमंत्री की ग्रीन क्रेडिट योजना के कार्य में करोड़ों रुपए के घोटाले की सूचना पर जांच शुरु कर दी गई है। इस जांच के बाद अब तक किसी भी अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है।

रोपण वर्ष 2025-26 के दौरान मरवाही वन मंडल में ग्रीन क्रेडिट योजना अंतर्गत प्राप्त की जाने वाली चैनलिंग 317232 किलोग्राम मात्रा में 110679 किलोग्राम कमी पाए जाने पर एवं फेंसिंग की गई चैनलिंक की 8 गेज एवं 2 इंच बाई 2 इंच चैनलिंक जालों का फेंसिंग हेतु उपयोग किया जाना था। प्रावधानों एवं मापदंड के विपरीत रोपण क्षेत्रों में कम मोटाई 13 गेज का उपयोग कर एक तिहाई वजन में फेंसिंग कार्य पूरा कर लिया गया।

दो तिहाई मात्रा की राशि का गबन करते हुए आंशिक भुगतान करने के पश्चात भ्रष्टाचार होने पर आपत्तिकर्ताओं को ब्लैक लिस्ट कर दिखावे की कार्रवाई की गई। पट्टिका एवं मापदंड के विपरीत प्रदाय सामग्री का उपयोग रोपण क्षेत्रों में कर लिया गया। वहीं वन मंडलाधिकारी द्वारा ब्लैक लिस्ट की गई फर्मो को कैम्पा अंतर्गत कम मात्रा, कम मोटाई गुणवत्ताविहीन चैनलिक प्रदाय करने के विरूद्ध रोपण वर्ष 2025-26 में 60 लाख रुपए की राशि भुगतान की गई। सत्यापनकर्ता, प्राकलनकर्ता एवं नियंत्रकगण भुगतानकर्ता वनमंडल अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई न कर भ्रष्ट एवं दोषी अधिकारी कर्मचारियों को क्लीन चिट दे दिया गया। 9 सितम्बर 2025 में प्रधान मुख्य वन संरक्षक को सूचना प्रेषित की गई थी। इसके बाद भी अधिकारी को बचाने जांच टीम ने क्लीन चीट देते हुए लीपापोती कर दी।

### मामला उठा विस में

मरवाही वन मंडल में हुए घोटाले का मामला विधानसभा में उठाया गया है। विभागीय अफसरों के अनुसार इसमें दो पार्टी शामिल है। एक पार्टी चाह रही है कि सामानों को देनें के बाद उनकी ब्लैक लिस्ट को समाप्त कर दी जाए। दूसरी पार्टी का कहना है कि उन्हें पैसा मिल जाए। इसमें कोई भी साफ सुथरा नहीं है। इन सब परिस्थितियों में सब लगे हुए हैं कि इसका निराकरण जल्द से जल्द हो। विभाग भी चाह रह है कि अगर ब्लैक लिस्टेड की गई पार्टी सामान अच्छा और मापदंड के अनुसार दे तो उन्हें बहाल कर दिया जाएगा।

### सीसीफ की रिपोर्ट दरकिनार

वर्ष 2025-25 में ग्रीन क्रेडिट योजना एवं कैम्पा योजना आवरण से अंत तक व्यापक भ्रष्टाचार किया गया। मजदूरी मूलक कार्य सफाई, गड्ढा खोदाई आदि को मशीन से कराया गया। मजदूरी के फर्जी नाम के प्रमाणक बनाकर राशि आहरण कर गबन कर लिया गया। 6 से 8 फीट टॉल प्लांट के स्थान पर उसका पैसा निकालकर 6 इंच से एक फीट के पौधे और नंगे बीज का रोपण किया गया। इस मामले में सीसीएफ बिलासपुर की रिपोर्ट को दरकिनार किया गया।

### चल रही है जांच

मरवाही वन मंडल में घोटाले की जांच मुख्यालय स्तर पर की जा रही है। वहां से जैसा प्रतिवेदन आएगा, उसके हिसाब से आगे की कार्रवाई भी की जाएगी।

-मनोज पाण्डेय, सीसीएफ, वन वृत्त बिलासपुर

**यहां कोई व्यवस्था किए बिना ही निगम ने यह फरमान जारी कर दिया**

# रिवर व्यू में धूल इतनी ज्यादा की खराब हो जाएंगी सब्जियां, ना चबूतरे बने ना शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




बृहस्पति बाजार के सब्जी व्यापारियों को सात दिन में जगह खाली करने का नोटिस निगम ने जारी करते हुए रिवर व्यू में शिफ्ट होने कह दिया है। इसके बाद से व्यापारियों में हड़कंप और आक्रोश दोनों हैं। हरिभूमि ने रिवर व्यू रोड का जायजा लिया तो पाया कि यहां कोई व्यवस्था किए बिना ही निगम ने यह फरमान जारी कर दिया है। ना तो वहां चबूतरे बनाए गए हैं और ना ही शेड है। सुरक्षा और बाउंड्री भी नहीं है। रिवर व्यू में धूल इतनी ज्यादा है कि सब्जियां खराब हो जाएंगी। इसे खरीदने वाला कोई नहीं रहेगा और छोटे व्यापारियों के सामने आजीविका का संकट आ जाएगा। इधर नाराज व्यापारियों ने सब्जी सप्लाई बंद करने का ऐलान कर दिया है। यदि ऐसा होता है कि तीनों सब्जी मार्केट बृहस्पति, शनिचरी, चांटीडीह में रोजाना 500 टन सब्जी सप्लाई ठप हो जाएगी और लोगों को परेशानी होगी। व्यापारियों ने सीधा सवाल भी किया है कि इस बात की क्या गारंटी है कि हटाए जाने के बाद सभी सब्जी व्यापारियों को फिर से उसी जगह पर स्थान दिया जाएगा।

■ 500 टन माल की सप्लाई बंद करने का एलान

शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। इसके लिए निगम की टीम पिछले एक सप्ताह से बृहस्पति बाजार का सर्वे कर रही है। इस दौरान दुकानों में क्या कारोबार हो रहा, किराएदार है कि मालिक और कितने वर्गफिट की दुकानें हैं कि रिपोर्ट तैयार की गई। अब निगम अमले ने बाजार क्षेत्र की सभी दुकानों में नोटिस चस्पा कर दिया। इसमें लिखा है कि सात दिनों में जगह खाली कर दी जाए नहीं तो निगम एकतरफा तोड़फोड़ कार्रवाई करेगा।

### सड़क का काम भी साल भर रुक जाएगा



इधर यदि सब्जी व्यापारियों को रिवर व्यू में शिफ्ट किया गया तो गोंड़पारा की तरफ सड़क का जो काम चल रहा है उस पर भी असर होगा। निगम अधिकारी ही मान रहें हैं कि बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने में कम से कम एक साल का समय लग सकता है। जाहिर है तब तक सब्जी व्यापारी तो परेशान होंगे ही सड़क भी नहीं बनेगी। बता दें कि इस स्मार्ट सड़क के लिए 99.93 करोड़ के स्वीकृति मिली थी। इतनी राशि से केवल इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक 560 मीटर रोड के डामरीकरण का काम हो सका है। इससे आगे शनिचरी रपटा तक मात्र डब्ल्यूबीएम और नदी के दूसरी ओर एल 1 साइड के 640 मीटर में जीएसबी और एल 2 साइड के 1,354 मीटर तक रोड के केवल सबग्रेड का ही काम हो रहा है। यानी केवल मुरूम ही डाली जा सकेगी। रिवाइज एस्टीमेट शासन के पास भेजने की बात अधिकारी कह रहे हैं।

### सप्लाई बंद हुई तो मचेगा हाहाकार

इधर सबसे अधिक चिंता सब्जियों की सप्लाई को लेकर है। बृहस्पति बाजार व्यापारी संघ की ओर से कहा गया है कि इस तरह हटाना किसी तरह से जायज और संभव ही नहीं है। व्यापारी सालों से इसी जगह पर कारोबार करके अपना परिवार पाल रहे हैं। बाहर से आ रही सब्जियां भी बड़ी गाडियों में आकर यहीं रुकती हैं। अब नई जगह पर बिना किसी व्यवस्था के शिफ्ट होना कैसे संभव होगा। गौरतलब है कि वृहस्पति बाजार में रोजाना 200 टन सब्जियों की सप्लाई होती है। इसी तरह चांटीडीह सब्जी बाजार में 100 टन और शनिचरी बाजार में 200 टन सब्जी पहुंचती है। सभी सब्जी व्यापारी संघो ने एक साथ मिलकर निगम का विरोध करने का फैसला लिया है।

### कोई परेशान नहीं होगा

शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना चल रही है। व्यापारियों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाएगा लेकिन उससे पहले पूरी व्यवस्था भी की जाएगी। निगम अधिकारियों से इस बारे में जानकारी ली जा रही है। एक भी व्यापारी परेशान नहीं होगा।

- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर



# एनएच पर चलते ट्रक में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल हाइवे में आयरन ओर लेकर जा रहे ट्रक का टायर गर्म होने से भीषण आग लग गई। लोगों के शोर मचाने पर ड्राइवर व हेल्पर गाड़ी खड़ी कर उतर गए। दमकल पहुंचने के पहले ट्रक जलकर राख हो गया है।

मस्तूटी टीआई अजहरउद्दीन ने बताया, महाराष्ट्र से आयरन ओर लेकर ट्रक का ड्राइवर व हेल्पर ओडिशा जा रहे थे। गुरूवार की सुबह 10 बजे नेशनल हाइवे मस्तूरी तिराहा के पास टायर गर्म होने से पीछे आग लग गई। ट्रक में आयरन ओर होने से ट्रक के पीछे भीषण आग गई। राहगीरों ने ट्रक के पीछे भीषण आग देखकर ड्राइवर को सूचना दी। उसके बाद गाड़ी खड़े कर ड्राइवर व हेल्पर नीचे उतर गए। लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो ट्रक धू धूकर जल रही थी। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई थी। देखते ही देखते ट्रक भीषण आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है ट्रक के जल जाने के बाद एसडीआरएफ की टीम दमलकर मौके पर पहुंचे। उसके बाद पानी डालकर आग बुझाया गया है।

■ दमकल पहुंचने के पहले ट्रक जलकर खाक

# आजाद हिंद एक्सप्रेस की जनरल बोगी में आग लगने से हड़कंप



**बिलासपुर**। आजाद हिंद एक्सप्रेस की जनरल कोच में अचानक आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गई। ट्रेन को भूपदेवपुर व किरोड़ीमल नगर के बीच खड़े कर आग बुझाया गया। बिलासपुर रेल मंडल के रायगढ़ स्टेशन में रेल अधिकारियों ने कोच की जांच करने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

जानकारी के मुताबिक मुंबई से हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस बुधवार को घंटों लेट चल रही थी। बिलासपुर से ट्रेन रवाना होने के बाद भूपदेवपुर स्टेशन पार करी तभी अचानक जनरल बोगी में आग लगने से यात्रियों के बीच हड़कंप मच गई। इसकी जानकारी मिलते ही ट्रेन के टीटीई व गार्ड ने भूपदेवपुर व किरोड़ीमल नगर के बीच ट्रेन रोकवा दी। नजदीकी स्टेशन में सूचना दी गई। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग की टीम तत्काल मौके पर पंहुची, जिसके उपरांत आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह से करीब एक घंटे तक ट्रेन संबंधित स्टेशन पर खड़ी रही। आग पर काबू पाने के बाद ट्रेन को आगे रवाना कर दिया गया। इसके बाद रायगढ़ स्टेशन में आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों ने कोच का बारिकी से मुआयना किया, जिसमें एक बीड़ी कोच के गेंट में फंसी हुई दिखाई दी। इसके कारण पूरे कोच में धुंआ होने से यात्री दहशत में आ गए थे। हालांकि ट्रेन के जनरल कोच में आग ज्यादा नहीं भड़की, जिसपर समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

# मुरुम की अवैध खोदाई करने वाले सरपंच पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। सीपत वन परिक्षेत्र के ठरकपुर गांव के सरपंच चंद्रभूषण कश्यप ने वन विभाग के रिजर्व फारेस्ट यानि वन भूमि में मुरुम की अवैध खोदाई शुरु कर दी। वन विभाग को जानकारी मिलने के बाद जब टीम मौके पर पहुंची तो वहां से जेसीबी गायब हो चुकी थी। सरपंच से पूछताछ के बाद उसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्म दर्ज कर लिया है।

■ ग्रामीणों से पूछताछ के बाद की कार्रवाई



बिलासपुर वन मंडल के सीपत वन परिक्षेत्र के ठरकपुर ग्राम पंचायत में चंद्रभूषण कश्यप सरपंच है। पिछले कुछ दिनों से सरपंच चंद्रभूषण कश्यप नियमों को ताक पर रखते हुए रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र आरएफ 3 से मुरुम की अवैध खोदाई कर रहा था। इस दौरान दो से तीन दिन के अंतराल में सरपंच ने जेसीबी से रिजर्व फारेस्ट एरिया में मुरुम खोदाई करने के बाद पंचायत भवन और अन्य कार्यो के लिए सैकड़ों ट्रैक्टर मुरुम का उपयोग किया। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत मस्तूरी में भूमि समतलीकरण के लिए 2 लाख 77 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। नियमानुसार यह मुरुम लीज खदान से खरीदी की जानी थी, लेकिन सरपंच मुरुम की खरीदी करने के बजाय रिजर्व फारेस्ट में वन भूमि पर मुरुम की अवैध खोदाई कराने लगा था। ग्रामीणों का आरोप है कि यह अवैध खोदाई सिद्ध बाबा प्लॉट में बने तालाब से की जा रही थी, जिसकी खोदाई वर्ष 2022-23 में मनरेगा मद से करीब 3 लाख रुपए की लागत से हुई थी। यह क्षेत्र भी रिजर्व फारेस्ट के अंदर आता है। वहीं अवैध मुरुम खोदाई की सूचना पर सीपत सर्कल के डिप्टी रेंजर एलके गढ़ेवाल, बीट गार्ड केशन गोस्वामी, राजा बघेल मौके पर पहुचे। वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले मौके से मशीनें हटाई जा चुकी थी।

### किया गया है जुर्म दर्ज

वन भूमि में खोदाई करना एक गंभीर अपराध है। सीपत सर्किल के ठरकपुर ग्राम पंचायत के सरपंच का मामला आया है, जिसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़े तो उसे जेल भेजने की कार्रवाई भी होगी। फिलहाल सरपंच के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

-शुभम मिश्रा, रेंजर
वन मंडल बिलासपुर

### करंट लगने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर**। बिजली बोड बनाने समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी पुलिस के अनुसार आकाश उर्फ भगत शिकारी पिता देवीलाल शिकारी 21 साल गुरूवार को अपने घर के कीचन का बिजली का बोर्ड बना रहे थे। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए। आवाज सुनकर परिवार के लोग बिजली बंद कर बाहर निकाले। उसके बाद इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर सरकण्डा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

**एसएसपी के निर्देश पर सिरगिट्टी, सरकंडा, कोनी थाना क्षेत्र में चला अभियान**

# शहर में गुण्डागर्दी कर अशांति फैलाने वाले 30 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर**। पुलिस ने शहर में गुण्डागर्दी कर अशांति फैलाने वाले 30 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक बदमाश से धारदार भुजाली जब्त की गई है।
एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिरगिट्टी, सरकण्डा, कोनी क्षेत्र में अभियान चलाकर गुण्डागर्दी कर अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

सिरगिट्टी पुलिस ने प्रदीप रजक उर्फ पिन्टू पिता केशव रजक 25 साल सब्जी मंडी तिफरा, मुखी वर्मा पिता स्व. रघुवीर वर्मा 35 साल विष्णु चौक तिफरा, ओमप्रकाश लहरे पिता कन्हैया दिवाकर 20 साल ग्रीन कालोनी कोरमी, रोशन मंडावी पिता अनिल मंडावी 29 साल महिमा नगर, राज मिश्रा पिता दिलीप मिश्रा 24 साल कोरमी ग्रीन गार्डन कालोनी, साहिल लहरे पिता अशोक लहरे 21 साल कोरमी ग्रीन गार्डन कालोनी, शेख जानू उर्फ आयान पिता शेख रमजान 19 साल गणेशनगर नयापारा, सुन्दर अधिकारी पिता आशीष अधिकारी 19 साल गणेश नगर नयापारा, अनिश यादव पिता नोहर यादव 19 साल गणेशनगर, संदीप रजक पिता स्व. केशव



रजक 22 साल सब्जी मंडी तिफरा, संदीप साहू पिता द्वारिका साहू 26 साल तिफरा, अभिषेक कुमार साहू पिता कृष्णा बल्लम 35 साल जायसवाल कालोनी तिफरा व सिविल लाइन पुलिस ने मोहम्मद कलीम खान पिता स्व. मोहम्मद चांद 35 साल तालापारा, मोहम्मद अब्दुल्ला पिता मोहम्मद जोहन 27 साल तालपारा, स्वराज कुर्रे उर्फ कंदा पिता स्व. छन्नू लाल कुर्रे 20 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती, करन कुर्रे पिता मनीराम कुर्रे 4 साल मिनीमाता नगर तालापारा, आकास डहरिया पिता आनंद डहरिया 23 साल मिनीमातानगर तालापारा, अरूण लहरे पिता स्व. राजाराम 25 साल मिनीमातानगर, प्रकाश टोंडे पिता हीरा टोंडे 31 जरहाभाठा मिनीबस्ती, विकास चतुर्वेदी पिता छेदी लाल 23 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती, सूर्यदीप अंचल पिता स्व. हेमंत अंचल 22 साल मिनीमातानगर, दिलीप बंजारे पिता स्व. कृष्ण कुमार बंजारे 38 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती, सुभाष कुर्रे पिता स्व. छन्नू लाल कुर्रे 21 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती, कृष्ण नारायण रात्रे पिता दिनेश कुमार 28 साल शिवनाथ मार्ग कोनी पुलिस ने गोपी वर्मा पिता श्रीलाल 22 साल जलसों, विशाल वर्मा पिता दिलहरण वर्मा 22 साल जलसों एवं सरकण्डा पुलिस ने शंकर गौराहा पिता सुरेश गौराहा 26 साल अटल आवास अशोकनगर, नीरज यादव पिता राजू यादव 21 साल अटल आवास अशोकनगर, साहिल चौथानी पिता सन्नी चौथानी 18 साल बंगालीपारा गली नम्बर 3 निवासी को पकड़ लिया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ बीएनएस की प्रतिबंधात्मक धारा 170, 126, 135, 3 के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं तालापारा तैयबा चौक निवासी मोहम्मद जुनेद पिता मोहम्मद अनीस 21 साल को पकड़कर धारदार भुजाली जब्त किया गया है। उसके खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152